आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 206- ● जबलपुर ● सोमवार, 29 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### केरल में लैंडस्लाइड से तीन की मौत, रेस्क्यू टीमें सर्च में जुटीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के इडुक्की जिले में थोडुपुझा तालुका के कुदयाथूर गांव में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। हादसे की जानकारी के बाद रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### यमुना में डूबने से 5 लड़कों की मौत, श्रीकृष्ण की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुआ हादसा

**नई दिल्ली ,ईएमएस।** नई दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी एरिया में मूर्ति विसर्जन करने आए 5 लड़कों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतक नोएडा स्थित सलारपुर गांव के रहने वाले थे। सभी की उम्र 17-18 के बीच थी।विसर्जन करने के बाद वे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मूर्ति नदी के बीच में फंसी देख विसर्जन करने आए ग्रुप में से 5 लड़के उसे ठीक से विसर्जित करने का प्रयास करने लगे।

# लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक रिश्ते भी परिवार, सुको की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक रिश्ते के रूप में भी हो सकते हैं। साथ ही अदालत ने उल्लेख किया कि एक इकाई के तौर पर परिवार की असामान्य अभिव्यक्ति उतनी ही वास्तविक है जितनी कि परिवार को लेकर पारंपरिक व्यवस्था। यह भी कानून के तहत सुरक्षा का हकदार है। कोर्ट ने कहा कि कानून और समाज दोनों में परिवार की अवधारणा की प्रमुख समझ यह है कि इसमें एक मां और एक पिता (जो संबंध समय के साथ स्थिर रहते हैं) और उनके बच्चों के साथ एक एकल, अपरिवर्तनीय इकाई होती है। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस ए एस बोपन्ना की पीठ ने एक आदेश में कहा, यह धारणा दोनों की उपेक्षा करती है, कई परिस्थितियां जो किसी के पारिवारिक ढांचे में बदलाव ला सकती हैं। यह तथ्य कि कई परिवार इस अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक संबंधों का रूप ले सकते हैं। एससी की टिप्पणियां अहम हैं। 2018 में समलैंगिकता को शीर्ष अदालत की ओर से अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया था। इसके बाद से ही कार्यकर्ता एलजीबीटी के लोगों के विवाह और सिविल यूनियन को मान्यता देने के साथ-साथ लिव-इन जोड़ों को गोद लेने की अनुमति देने के मुद्दे को उठा रहे हैं।



**जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश से जुड़ा मामला-** शीर्ष अदालत ने एक फैसले में यह टिप्पणी की कि एक कामकाजी महिला को उसके जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश के वैधानिक अधिकार से केवल इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि उसके पति की पिछली शादी से दो बच्चे हैं और उसने उनमें से एक की देखभाल के लिए छुट्टी का लाभ उठाया था। न्यायालय ने कहा है कि कई कारणों से एकल माता-पिता का परिवार हो सकता है। यह स्थिति पति या पत्नी में से किसी की मृत्यु हो जाने, उनके अलग-अलग रहने या तलाक लेने के कारण हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ‍इसी तरह बच्चों के अभिभावक और देखभाल करने वाले (जो परंपरागत रूप से ‍मां और ‍पिता की भूमिका निभाते हैं) पुनर्विवाह, गोद लेने या दत्तक के साथ बदल सकते हैं। प्रेम और परिवारों की ये अभिव्यक्तियां विशिष्ट नहीं हो सकती हैं, लेकिन वे अपनी पारंपरिक व्यवस्था की तरह ही वास्तविक हैं। परिवार इकाई की ऐसी असामान्य अभिव्यक्तियां न केवल कानून के तहत सुरक्षा के लिए बल्कि सामाजिक कल्याण कानून के तहत उपलब्ध लाभों के लिए भी समान रूप से योग्य हैं।

### मातृत्व अवकाश को लेकर 1972 के नियमों का हवाला

पीठ की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जब तक वर्तमान मामले में उद्देश्यपूर्ण व्याख्या नहीं अपनाई जाती, तब तक मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य और मंशा विफल हो जाएगी। अदालत ने कहा, ‍1972 के नियमों के तहत मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर बने रहने में सुविधा प्रदान करना है। इस तरह के प्रावधानों के लिए यह एक कठोर वास्तविकता है कि अगर उन्हें छुट्टी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं तो कई महिलाएं सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर बच्चे के जन्म पर काम छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगी। पीठ ने कहा कि कोई भी नियोक्ता बच्चे के जन्म को रोजगार के उद्देश्य से अलग नहीं मान सकता है और बच्चे के जन्म को रोजगार के संदर्भ में जीवन की एक प्राकृतिक घटना के रूप में माना जाना चाहिए। इसलिए, मातृत्व अवकाश के प्रावधानों को उस परिप्रेक्ष्य में माना जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले के तथ्यों से संकेत मिलता है कि अपीलकर्ता (पेशे से नर्स) के पति की पहले भी शादी हुई थी, जो उसकी पत्नी की मृत्यु के परिणामस्वरूप समाप्त हो गया था, जिसके बाद उसने महिला शादी की। पीठ ने कहा, ‍तथ्य यह है कि अपीलकर्ता के पति की पहली शादी से दो बच्चे थे, इसलिए अपीलकर्ता अपने एकमात्र जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश का लाभ उठाने की हकदार नहीं होगी। फैक्ट यह है कि उसे पहले की शादी से अपने जीवनसाथी से पैदा हुए दो जैविक बच्चों के संबंध में बाल देखभाल के लिए छुट्टी दी गई थी, यह एक ऐसा मामला हो सकता है जिस पर संबंधित समय पर अधिकारियों की ओर से उदार रुख अपनाया गया था। वर्तमान मामले के तथ्य भी संकेत देते हैं कि अपीलकर्ता के परिवार की संरचना तब बदल गई, जब उसने अपनी पिछली शादी से अपने पति के जैविक बच्चों के संबंध में अभिभावक की भूमिका निभाई।

### पेट्रोल से जलाई गई अंकिता की मौत के बाद तनाव

# शाहरुख को फांसी देने की मांग
## कस्टडी में आरोपी हंसता हुआ दिखाई दिया

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के दुमका में अंकिता (17) का सोमवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दादा ने उसे मुखाग्नि दी। कड़ी सुरक्षा में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रविवार की सुबह जब उसकी मौत की खबर आई तो दुमका में तनाव की स्थिति बन गई। दुकान-बाजार बंद हो गए। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।प्रदर्शनकारियों ने दुमका-भागलपुर रोड को घंटों जाम रखा। इस विरोध प्रदर्शन में ‍ बजरंग दल, भाजपा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों ने बाजार भी बंद कराया। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। सोमवार सुबह भी ऐसे ही हालात रहे। आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग की गई। अंकिता ने 5 दिनों तक संघर्ष के बाद रांची के रिम्स में दम तोड़ दिया। उसने शनिवार की देर रात अंतिम सांस ली। अफसरों की देखरेख में अंतिम संस्कार हुआ अंतिम यात्रा सोमवार सुबह जरुआडीह स्थित अंकिता के घर से निकली। आखिरी सफर में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिले के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर कर्ण सत्यार्थी, एसडीएम महेश्वर महतो पूरे समय नजर बनाए रखे। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सैकड़ों की संख्या में महिला और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दुमका बंद बुलाया है।



सड़कें जाम, 144 लागू





**शाहरुख ने खिड़की से पेट्रोल डाल आग लगा दी थी**23 अगस्त को अंकिता दुमका के जरुवाडीह मोहल्ले में अपने घर में सोई हुई थी। तभी लगभग 5 बजे पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। परिजन उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया था।

पुलिस कस्टडी में आरोपी हंसता हुआ दिखाई दिया। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, तो वो हंसता हुआ दिखाई दिया। उसकी बॉडी लैंग्वेज से भी ऐसा नहीं लग रहा था कि उसे किसी तरह का अफसोस है।अस्पताल में भर्ती अंकिता ने मौत से कुछ ही घंटों पहले अपने साथ हुई बर्बरता की पूरी कहानी बयां की थी। उसने बताया कि घटना 23 अगस्त की सुबह पांच बजे के आसपास की है। मैं अपने कमरे में सो रही थी, अचानक कमरे की खिड़की के पास आग की लपटें देखकर मैं डर गई। जब मैंने खिड़की खोली तब देखा कि मोहल्ले का शाहरुख हुसैन हाथ में पेट्रोल का कैन लिए मेरे घर की तरफ से भाग रहा था। तब तक आग मेरे शरीर में भी लग चुकी थी और मुझे काफी जलन सी महसूस हो रही थी।

### रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर



## 31 पैसे टूटकर 80.15 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 31 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर पर फिसल गया। सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 80.15 रुपये पर कारोबार करता दिखा।बाजार के जानकारों के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते यह गिरावट दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 80.10 पर खुला, बाद में और गिरावट दर्ज करते हुए 80.15 पर आ गया, जहां पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 31 पैसे की कमजोरी दर्ज की गई। इससे पिछले कारोबारी सेशन में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 79.84 पर बंद हुआ था।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 प्रतिशत बढ़कर 109.35 पर आ गया।विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा मुद्रास्फीति से निपटने के लिए सख्त रुख अपनाने की बात कहने के बाद डॉलर में मजबूती आई।



### झारखंड महागठबंधन को हॉर्स ट्रेडिंग का डर

### BJP के संपर्क में कांग्रेस के कई MLA

## CM सोरेन की विधायकी पर आज जारी हो सकता है नोटिफिकेशन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि BJP को हॉर्स ट्रेडिंग करने का टाइम मिल जाए। वहीं, दूसरी तरफ BJP के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई MLA अभी भी BJP के संपर्क में हैं। झारखंड कांग्रेस के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इसकी पूरी जानकारी राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को है। वे अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटे हैं। राज्य में टूटती कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं। CM हेमंत सोरेन को भी इस बात का डर है कि BJP राज्य में सरकार गिराने के लिए कोई बड़ी चाल चल सकती है। यही कारण है कि वो विधायकों को कभी डिनर तो कभी सियासी पिकनिक पर लेकर निकल रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार में सब ऑल इज वेल है।इस बीच, अब महागठबंधन के नेता राजभवन पर दबाव बनाने लगे हैं। वे सीधा राज्यपाल को चुनौती दे रहे हैं।




## तिहाड़ में बंद कैदी के पेट में 5 मोबाइल, अब निकल नहीं पा रहे हैं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तिहाड़ जेल में बंद एक कैदी के पेट में एक या दो नहीं पूरे 5 मोबाइल पड़े हैं। हैरान हो गए! जी हां, स्मगलिंग कर जेल के अंदर लाए गए इन फोन को कैदी अन्य कैदियों को बेचकर पैसा कमाना चाहता था। लेकिन यही फोन अब इस कैदी के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। कैदी के पेट में पड़े यह फोन निकल नहीं पा रहे हैं। इसके लिए जेल अधिकारी एक्सपर्ट डॉक्टर की सलाह ले रहे हैं कि कैसे कैदी की जिंदगी बचाई जाए और इन फोन को निकालकर जब्त किया जाए। सूत्रों ने बताया कि हैरान कर देने वाला यह मामला तिहाड़ की जेल नंबर-1 का है। जहां हाई सिक्योरिटी में बंद एक कैदी के पेट में 5 मोबाइल फोन होने का पता लगा। हत्या, लूट और डकैती में बंद यह विचाराधीन कैदी कुछ दिनों पहले कोर्ट डेट पर जेल से बाहर गया था। जहां से यह 5 मोबाइल निगल कर जेल आ गया। जेल की ड्योढ़ी यानी जेल के एंट्री गेट पर कैदियों की तलाशी लेने के लिए तैनात टीएसपी ने इसकी जांच की। जहां यह जांच को गच्चा देने में कामयाब हो गया। इसके बाद जेल में अंदर जाने पर इसने पेट के अंदर पड़े मोबाइल फोन को निकालने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हुआ।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के शुरुआती कारोबार दिन सोमवार को शेयर मार्केट में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स करीब 1250 अंक या 2.06 फीसद नीचे 57623.25 पर जबकि निफ्टी 361.50 अंक या 2.06फीसद नीचे 17197.40 पर कारोबार कर रहा था। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और विप्रो में 1-5फीसद की गिरावट देखने को मिली। लार्जकैप, मिडकैप और स्मालकैप हर सेग्मेंट में कमजोरी नजर आ रही है। निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल, आईटी और आईटी इंडेक्स कमजोर हुए हैं।

## नितिन गडकरी बोले- कांग्रेस में जाने की मिली थी सलाह पर मैंने कहा ,कुंए में कूदना उससे बेहतर होगा

**नागपुर ,ईएमएस।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें एक दोस्त ने कांग्रेस में जाने का सुझाव दिया था, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया था। रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। इस पर मैंने कहा कि मेरी विचारधारा उससे मेल नहीं खाती है। मैं कुंए में कूद जाऊंगा, लेकिन कांग्रेस में शामिल नहीं हो सकता। नितिन गडकरी ने कहा कि यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और भाजपा को अकसर हार का सामना करना पड़ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि जब आपको सफलता मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। उन्होंने कहा कि कारोबार हो या फिर राजनीति मानवीय संबंध दोनों में ही अहम हैं। उन्होंने कहा कि कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। नितिन गडकरी ने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी आदमी परफेक्ट नहीं होता है। यदि हम अपने ही दोस्तों की अच्छी बातों को पर्सनैलिटी का हिस्सा बना सकें तो खुद को सुधार सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ‍किसी को भी ‘इस्तेमाल करो फेंको’ की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें। उगते सूरज की पूजा न करें।‍ नितिन गडकरी अकसर अपने बेबाक बयानों के लिए चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों भाजपा ने संसदीय बोर्ड का पुनर्गठन किया था, जिसमें नितिन गडकरी को शामिल नहीं किया गया था। इस घटनाक्रम की भी काफी चर्चा हुई थी। नितिन गडकरी को मोदी सरकार के बेस्ट परफॉर्मिंग मंत्रियों में माना जाता है।



## नड्डा ही संभालेंगे 2024 तक भाजपा की कमान!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 2024 लोकसभा चुनाव तक दल की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। जनवरी 2023 में उनका मौजूदा कार्यकाल खत्म हो रहा है। अब खबर है कि पार्टी उन्हें एक साल का विस्तार दे सकती है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि उनके बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान यह पद संभाल सकते हैं। एक निजी चैनल की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नड्डा 2024 तक पार्टी प्रमुख बने रह सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि इस बात की संभावनाएं इसलिए हैं, क्योंकि नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रिश्ते अच्छे हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ भी उनके काम का हिसाब अच्छा है। फिलहाल, यह भी साफ नहीं है कि उन्हें पूरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष बनाया जाएगा या नहीं।रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने कहा, ‍पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के सामने नड्डा की अच्छी छवि और संबंध हैं। 2024 लोकसभा चुनाव बहुत अहम हैं ।



## यंत्र इंडिया लि.ने वापिस लिया 5 दिन के सप्ताह का प्रस्ताव

### एआईडीईएफ ने जताया विरोध तो दो दिन बाद आदेश किया रद्द

जबलपुर यशभारत ।ओएफबी से7आयुध निगमों में तब्दील हुए एक निगम यंत्र इंडिया लिमिटेड ने अपने निगम में पांच दिन के सप्ताह के प्रस्ताव में सभी कर्मचारियों से अभिमत लेने के आदेश को लेकर कर्मचारियों और महासंघ के विरोध को देखते हुए विगत25अगस्त को जारी किया आदेश दो दिन बाद27अगस्त को अंततः वापिस ले लिया ।यंत्र इंडिया लिमिटेड के आदेश जारी होने के बाद उक्त निगम में शामिल आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के साथ उनके अखिल भारतीय संगठन एआईडीईएफ ने गहरी आपत्ति जताई थी ।फेडरेशन ने इसके लिए रविवार को सभी आयुध निर्माणी की उनसे मान्यता प्राप्त यूनियनों के साथ फेडरेशन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी ।लेकिन उसके पहले ही यंत्र इंडिया ने आदेश रद्द करने के आदेश जारी कर दिये थे। इस संबंध में यशभारत से चर्चा करते हुए एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक ने कहा कि निगम अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर कार्य करने की जहमत उठा रहा है जिसे किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं किया जा सकता है ।वहीं राष्ट्रीय महासचिव सी श्रीकुमार ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षा मंत्री ने स्वयं ने लिखित में कहा है कि आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमों में परिवर्तित किये जाने पर कर्मचारियों की सेवा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है ।इसके साथ ही कर्मचारियों की सेवा शर्तों को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया है ।इसी के साथ सरकार जो सेवा शर्तों को परिवर्तित करने के लिए सक्षम नियामक है उसने कोई बदलाव नहीं किया है ।यंत्र इंडिया लिमिटेड अपनी सीमा से बाहर जाकर यह कार्य कर रहा है अवैधानिक है ।यदि कोई भी निगम ऐसा करने की कोशिश करता है तो एआईडीईएफ चुप नहीं बैठेगा। उल्लेखनीय है कि ओएफबी की सेवा शर्तों के अनुसार6दिन के साप्ताहिक कार्य दिवस में कर्मचारियों को पौने45घंटे कार्य दिवस तय है ।इसलिए नेताओं का मानना है कि इससे छड़खानी नहीं की जा सकती है ।ऐसा होने पर अनेक विसंगतियां पैदा हो जायेंगी ।दूसरी ओर यंत्र इंडिया लिमिटेड के पहले परिपत्र के अनुसार आयुध निर्माणी भुसावल के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया था कि वे पांच दिन के साप्ताहिक कार्य दिवस स्वीकार या अस्वीकार अपना अभिमत दें ।दूसरा परिपत्र जारी करते हुए यंत्र इंडिया की ओर से कहा गया कि यह निगम का कोई निर्णय नहीं है अपितु कर्मचारियों से मात्र खुला विचार विमर्श उद्देश्य रहा है ।फिलहाल आयुध निर्माणियों में पांच दिन का सप्ताह का मामला ठंडा हो गया है।

# जी-23 अब भी करेगा बवाल?

### CWC मीटिंग में सोनिया गांधी के सामने आनंद शर्मा ने उठा दिया सवाल

**नई दिल्ली ,ईएमएस ।** कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष के चुनाव के लिए तारीख तय कर दी है। रविवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई और 17 अक्टूबर को वोटिंग कराने का फैसला लिया गया। 19 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी और रिजल्ट का ऐलान किया जाएगा। यदि कोई एक ही नेता अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आवेदन करता है तो फिर 8 अक्टूबर को ही रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। लेकिन इस दौरान भी अलग ही नजारा देखने को मिला। जी-23 ग्रुप के सदस्य और सीनियर नेता आनंद शर्मा ने मीटिंग में इस बात पर ऐतराज जताया कि निचले स्तर पर पदाधिकारियों के लिए चुनाव नहीं होता है। इसके अलावा उन्होंने उन प्रतिनिधियों की लिस्ट भी मुहैया कराने की मांग की, जो अध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा लेंगे। इस मीटिंग में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने विदेश से ही वर्चुअल मोड में हिस्सा लिया। इसके अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के कुछ सदस्यों ने 24 अकबर रोड से ही हिस्सा लिया। इस दौरान आनंद शर्मा ने चुनाव पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संविधान के आर्टिकल 8 से 13 में कहा गया गया है कि कांग्रेस की सभी प्राइमरी कमेटियों, बूथ, ब्लॉक और जिला कमेटियों में चुनाव होना चाहिए। उन्होंने इस मामले में सोनिया गांधी से दखल देने की मांग की। इस पर सोनिया गांधी ने चुनाव समिति के मुखिया मधुसूदन मिस्त्री से कहा कि वह आनंद शर्मा की चिंताओं को दूर करें। आनंद शर्मा ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि मैंने संविधान के तहत ही बदलाव की मांग की थी। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि सोनिया गांधी ने मेरी बात को सुना और मधुसूदन मिस्त्री से उस पर काम करने को कहा। वहीं मिस्त्री का कहना है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों की लिस्ट प्रत्याशियों को ही मिल सकती है। इसके अलावा लिस्ट की मांग करने वाले नेताओं को यह मुहैया कराई जा सकती है। इस मीटिंग में केसी वेणुगोपाल, मधुसूदन मिस्त्री, जयराम रमेश समेत कई नेता शामिल हुए। बता दें कि आनंद शर्मा भी उस जी-23 ग्रुप का हिस्सा रहे हैं, जिसने सोनिया गांधी को लेटर लिखकर बदलावों की मांग की थी। गुलाम नबी आजाद ने हाल ही में कांग्रेस छोड़ी है और जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का ऐलान किया है। ऐसे में आनंद शर्मा की ओर से सवाल उठाए जाने से इस बात की चर्चा फिर से तेज हो गई है कि क्या जी-23 समूह अब भी कांग्रेस हाईकमान के लिए परेशानी का सबब होगा।





जबलपुर, कटनी, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित



# पति की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना का पर्व हरतालिका तीज कल

**जबलपुर,यशभारत ।** पति की लंबी उम्र और खुशहाली की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज व्रत 30 अगस्त मंगलवार को दुर्लभ योग में मनाया जाएगा। इस पर्व में मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। मां पार्वती और शिव वैसे तो हर भोग से प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन एक खास मिठाई बनाने की परंपरा है। जिसके बिना प्रसाद अधूरा होता है। उस मिठाई का नाम हैं गुजिया ।हरतालिका तीज के एक दिन पहले हर घर से मिठाई की महक आने लगी है। इसके साथ पपड़िया ,बेसन के सेव आदि भी बनाए जाते हैं। हरतालिका तीज व्रत में महिलाओं को शुभ और सौम्य योग की प्राप्ति होगी। पंचाग के अनुसार हरतालिका तीज का व्रत भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को किया जाता है ।हस्त एवं चित्रा नक्षत्र, कन्या राशि और शुभ योग एवं सौम्य योग में यह महाव्रत 30 अगस्त मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए ये व्रत रखती हैं। वहीं कुंवारी कन्याएं मन चाहा वर पाने के लिए ये व्रत रखती हैं। दुर्लभ संयोग शुभ योग हस्त एवं चित्रा नक्षत्र के कारण बन रहा है। साथ ही सौम्य योग में शिव पार्वती का पूजन किया जाएगा। पुरोहितों के अनुसार वहीं हरतालिका तीज पर पूजा के लिए सबसे शुभ समय शाम को 5 बजकर 20 मिनट से रात को 8 बजकर 59 मिनट तक है। जिस समय हरतालिका तीज की पूजा की जाएगी उस समय शुभ योग लगा रहेगा, जिसमें महिलाओं द्वारा हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखेंगी और देवी माता पार्वती का पूजन कर अपने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करेंगी। हरतालिका तीज व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शिव, देवी पार्वती और श्री गणेश जी की पूजा करती हैं। पूजा के लिए महिलाएं इन देवी-देवताओं की कच्ची मिट्टी से मूर्ति बनाती है और इनकी विधि-विधान से पूजन करती हैं। इस दिन निर्जला व्रत रखा जाता है। व्रत में किसी प्रकार का अन्न् और जल ग्रहण नहीं किया जाता है। व्रत के अगले दिन महिलाएं व्रत का पारण जल पीकर करती हैं और व्रत समाप्त करती हैं। हरतालिका तीज के व्रत में आठों पहर पूजन का विधान है। इसलिए इस व्रत में रात्रि जागरण करते हुए शिव-पार्वती के मंत्रों का जाप या भजन करना चाहिए। पूजन के दौरान हरतालिका तीज की व्रत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। यह विशेष फलदायी होता है।

## एक बार फिर सक्रिय हुआ मानसून, झमाझम वर्षा

# बिजली गिरने का येलो अलर्ट

**जबलपुर, यशभारत।** बीते तीन दिनों से कमजोर पड़ा मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया। मौसम विभाग का कहना है, अगले 24 घंटे में एक नया चक्रवात सक्रिय होने से पूर्वी मध्यप्रदेश में अच्छी वर्षा के आसार हैं। इसके असर से जबलपुर सहित संभाग के कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा , बालाघाट सहित अन्य जिलों में वर्षा की झड़ी लग सकती है। मौसम विभाग ने जबलपुर संभाग के लिए गरज-चमक के साथ वर्षा और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।रविवार की सुबह से छाए काले बादल शाम साढ़े चार बजे वर्षा में बदल गए। देर रात तक बूंदाबांदी जारी रही। वहीं, सोमवार की सुबह मौसम खुशनुमा बना रहा। मौसम में ठंडक रही और बादल छाए रहे। वातावरण में नमी की मात्रा भी ज्यादा रही। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के दोबारा सक्रिय होने से जबलपुर सहित पूर्वी मध्य प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी बारिश हो सकती है।



### सितंबर तक जारी रहेगी मानसूनी गतिविधियां

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को नया चक्रवातीय घेरा बन रहा है, जिससे बंगाल की खाड़ी में नमी आने से जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में 30 से 31 अगस्त को हल्की वर्षा होती रहेगी। सितंबर में भी नया कम दवाब का क्षेत्र बनने पर वर्षा की संभावना जताई जा रही है। सितंबर में 15 दिन तक छिटपुट वर्षा जारी रहेगी, इसके बाद मानसून विदा हो सकता है। मौसम के बदलते मिजाज से घट-बढ़ का दौर भी जारी है। गत दिनों तापमान आंशिक रूप से बढ़ा रहा तो रविवार को हुई वर्षा के बाद वातावरण में हल्की ठंडक घुलने से अधिकतम तापमान 32 डिग्री से मामूली रूप से कम होकर 31.1 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 24.4 डिग्री से कुछ कम होकर 23.8 डिग्री रिकार्ड किया गया।

### 41 इंच हो चुकी वर्षा

मानसून सीजन में अब तक 41 इंच से ज्यादा वर्षा हो चुकी है। जो पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 22 इंच ज्यादा है। सीजन में कुल वर्षा का आंकड़ा 1032 .7 मिलीमीटर पर पहुंच गया है।



## बुंदली दिवस समारोह

# नृत्यश्री प्रतियोगिता में झूम उठे दर्शक

**जबलपुर यशभारत।** । घुंघटा उठा के चीन्ह लाइयोन्न और न्न काये को लगा दये गोरी नैना, कछुलेना न देनान्न जैसे कर्ण प्रिय बुन्देली गीतों पर दत्त मंदिर गोलबाजार में आयोजित बुन्देली नृत्यश्री प्रतियोगिता में 30 नर्तक नृत्यांगनाओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । शिक्षविद डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव जन्मोत्सव बुन्देली दिवस के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरदार एच. एस. एस. चौपरा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथि के रूप में पं. रुद्रदत्त दुबे, डॉ. आनंद तिवारी, पार्षद अयोध्या तिवारी, राजीव अग्रवाल, गुरवचन सिंह चौपरा, रविकरन साहू, डॉ. प्रकाश दुबे, ला. नरेंद्र जैन उपस्थित थे। गौरीशंकर केसरवानी एवं सुरेश सराफ ने शुभकामनाएं व्यक्त कीं । अतिथि स्वागत डॉ. वंदना दुबे, भारती साहा, राजीव गुप्ता, शैलेन्द्र अग्रहरि, रामेश्वर सोनी, नवनीत श्रीवास्तव, प्रमोद कुशवाहा, गोलू अहिरवार ने किया । प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग के लिए स्व. लता तिवारी की स्मृति में विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के द्वतीय चरण में पी. एम. जी. शिक्षा- कला शोध समिति द्वारा आयोजित बुन्देली गीत गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । निर्णायक का दायित्व कृष्णकांत दीक्षित, पूजा तिवारी एवं डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने निभाया। सीनियर ग्रुप की प्रथम, द्वितीय, तृतीय नृत्यांगनाओं को लता तिवारी स्मृति नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं मोती शिवहरे ने तथा आभार प्रदर्शन विजय जायसवाल ने किया।





# त्रिदिवसीय सत्संग सभा एवं प्रवचन कल से

**जबलपुर , यशभारत।** वेद मूर्ति परम पूज्य आचार्य स्वामी श्री गोविंद देव गिरी (कोषाध्यक्ष श्री राम जन्म भूमि न्यास अयोध्या) का जबलपुर आगमन हुआ। संयोग यह है कि परम पूज्य ब्रह्मलीन गुरुदेव की कृपा पात्र योगमणि डॉ श्रीमती उर्मिला ताई जामदार का यह जनशताब्दी वर्ष भी है अत: इस वर्ष प्रार्थना सभा को श्रीमती उर्मिला ताई जानदार की स्मृति को समर्पित करते हुए त्रिदिवसीय सत्संग सभा एवं प्रवचन का आयोजन जय नारायण सभागार, समन्वय सेवा केंद्र,आदि शंकराचार्य चौक, छोटी लाइन फाटक जबलपुर में 30 अगस्त मंगलवार से 1 सितंबर गुरुवार तक प्रात: 8.30 बजे से 10.00 बजे तक किया गया है।

# जी ओ सी इन चीफ मध्य कमान का तीन दिनी दौरा

**जबलपुर यशभारत।** ले. जनरल योगेंद्र दिमरी, अति विशिष्ठ सेवा मेडल विशिष्ठ सेवा मेडल जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ मध्य कमान ने गत दिनों जबलपुर छावनी का दौरा किया ।उनके साथ श्रीमति निधी दिमरी अध्यक्षा, आर्मी वाइज वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) भी साथ रहीं। जनरल आफिसर ने मध्य भारत एरिया व इसके अधीनस्थ फार्मेशंस मे चल रहे आपरेशनल व प्रशासनिक तैयारियो की समीक्षा की। जनरल आफिसर ने कोबरा फार्मेशन की आपरेशनल तैयारियों के मानको को प्रति क्षण उच्च बनाये रखने के लिये सराहना की। जी ओ सी ने कालेज आफ मटिरियल मेनेजमेंट (सी एम एम) का भी विजिट किया व इस सम्मानित संस्थान की प्रशासनिक तैयारियों प्रशिक्षण मानकों व आधारभूत सरंचनाओं का मुल्यांकन किया। उन्होंने समस्त रैंको को उच्च शारीरिक दक्षता उपकरणों का रखरखाव व आचरण में नीति परायणता हेतु प्रोत्साहित किया।



श्रीमति निधी दिमरी ने कोबरा फार्मेशन के कल्याण हेतु निर्मित्त संस्थानो का निरीक्षण किया । उन्होने आशा स्कूल के विशेष बच्चो को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का भी प्रत्यक्ष मुल्यांकन किया व संस्थानो के समस्त पदाधिकारियों को संस्थानो के प्रति उनके नि:स्वार्थ निष्ठा व समर्पण की सराहना की। समस्त परिवारों व उनके आश्रितो को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाये जाने वाले समस्त कार्यक्रमों की आवा मध्य कमान ने अत्यधिक सराहना की।

# स्वर्गीय श्रीमति उर्मिला जामदार के जन्मशताब्दी वर्ष पर स्वास्थ्य शिविर

## 200 से अधिक मरीजों के सेहत की जांच

जबलपुर,यशभारत। स्वर्गीय श्रीमति उर्मिला जामदार के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर श्रीमति डॉ अनुश्री जामदार संचालक त्रिवेणी हेल्थ केयर(जामदार हॉस्पिटल) के एवं सुभाष चंद्र बोस के पार्षद महेश सिंह राजपूत के द्वारा सुभाष चंद्र बोस वॉर्ड में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सर्दी- खासी,बुखार, रीड की नसों का ,घुटने के दर्द एवं मधुमेह के मरीजों का परीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ,जन भागीदारी के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार उपस्थित हुए ।शिविर में डॉ आकृति सुर्कर,डॉ महेश तैलंग,डॉ अपूर्व माधवीर,डॉ. राजकुमार ठाकुर के द्वारा 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ परिक्षण किया गया ।शिविर में भाजपामंडल अध्यक्ष श्री राहुल दुबे, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमति श्वेता सिंह ठाकुर,मीडिया प्रभारी नुपुर लखेरा,दीपिका पांडे,श्वेता पांडे एवं वॉर्ड के सक्रिय कार्यकर्ता हेमराज उपाध्याय,ललित ।गले,विनेश सेन,नवीन शर्मा, अशोक सोनी,दिनेश पटेल, दिनेश शुक्ला ,राकेश केवट,शरद गौतम, अभिषेक त्रिपाठी, राजकुमार रजक, प्रिया चतुर्वेदी,मधु तिवारी,रीना पाठक, सावित्री पटेल,रामकली पटेल,मुल्तान कोल,सुनीता कुशवाहा,शशि मिश्रा,नंदा,प्रदीप श्रीवास आदि उपस्थित रहे।





# जनेकृविवि की छात्रा कु. रितिका बाघा बार्डर में जाबांज सैनिकों से मिलेगी

## मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम के अंतर्गत बाघा अंतर्राष्ट्रीय बार्डर में जाने वाले दल में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी

जबलपुर यशभारत। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 116 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल में आयोजित युवा महा पंचायत में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर की छात्रा कु. रितिका सैनी ने भाग लेकर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय एवं संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया और आगे उनका चयन मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम के अंतर्गत बाघा अंतराष्ट्रीय बार्डर पर जाने वाले मध्यप्रदेश के दल में हुआ है। कु. रितिका मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी एवं आज बाघा बार्डर पर पहुंचकर 29 अगस्त को मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण संचालनालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण में बाघा -हुसैनी वाला ( अमृतसर पंजाब ) के लिये मध्यप्रदेश टीम के रूप में रवाना हुई । उनके इस चयन से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने कु. रितिका सैनी प्रथम वर्ष छात्रा को इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर शुभकामनायें एवं बधाई दी, साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रथम वर्ष की छात्रा ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के गौरव व उत्कृष्टता को राष्ट्रीय क्षितिज में चमकाया है। अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने इस बात को महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हेतु हर्ष के साथ अन्य विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक निरूपित किया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुये बधाई दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व महाविद्यालय के सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. रत्नेश नारायण श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय कि यह छात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना कृषि अभियांत्रिकी ईकाई की स्वयं सेविका है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के समस्त संचालक, अधिष्ठाता, अधिकारी, वैज्ञानिकों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# रादुविवि में 11वां रोजगार मेला 30-31 अगस्त 2022 को

## प्री प्लेसमेंट ट्रेनिंग आज

**जबलपुर,यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा कौशल विकास विभाग, विज्ञान भवन में आयोजित होने जा रहे 11वें रोजगार मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।कुलपति प्रो.कपिलदेव मिश्र ने कहा है कि 30 एवं 31 अगस्त 2022 को 11वां रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है जिसमे पंजीकृत प्रतिभागियों द्वारा, विज्ञान भवन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रांगण में लगभग 30 से अधिक कंपनियो के समक्ष अपनी स्किल एवं योग्यता दिखाने एवं रोजगार मेले में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान किया जाएगा। कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि 11वां नि:शुल्क रोजगार मेले में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण विभागों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रतिभागी छात्र छात्राओं के द्वारा भागीदारी की जा रही है। कौशल विकास संस्थान के डॉ अजय मिश्रा,डॉ मीनल दुबे ने बताया कि इछुक प्रतिभागी ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर भी प्रतिभागिता कर सकते है, साथ ही साथ प्रतिवर्षानुसार रोजगार मेले के पूर्व 29 अगस्त सोमवार को दोपहर 12 बजे से सभी पंजीकृत छात्र छात्राओं को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्री प्लेसमेंट ट्रेनिंग दिया जाएगा।



# जिले की सबसे बड़ी निबंध प्रतियोगिता में अब तक 28 सौ छात्र लिख चुके हैं निबंध

**जबलपुर, यशभारत।** साहित्यिक सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्था मित्रसंघ द्वारा तीसरी जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। राजभाषा हिन्दी को प्रोत्साहित करने के लिये यह जिले की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली निबंध प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता जिला प्रशासन , नगर निगम जबलपुर के सहयोग से किया जा रहा है। बच्चों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास तथा नगर विकास के प्रति उनमें जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह निबंध प्रतियोगिता शालेयस्तर पर दो वर्गों में आयोजित हो रही है। पहले वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिये इस बार निबंध प्रतियोगिता का विषय मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी रखा गया है। वहीं दूसरे वर्ग में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिये निबंध प्रतियोगिता का विषय विकास की दिशा में बदलता जबलपुर (आज कल और आज) विषय रखा गया है। अभी तक 69 विद्यालयों में यह निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न हो चुकी है। जिसमें 28 सौ से अधिक बच्चे निबंध लिख चुके हैं। जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता हरदिन किसी न किसी विद्यालय के छात्रों के लिये उन्हीं के विद्यालय में आयोजित की जाती है। मित्रसंघ एवं सहयोगी मेगामाइड समूह के द्वारा निबंध लिखने के लिए निबंध पुस्तिका भी छात्र-छात्राओं को दी जाती है। यह ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें स्कूली छात्रों से निबंध लिखवाकर मंगवाये नहीं जाते हैं। और उनसे उनकी शाला में ही निबंध लिखवाये जा रहे हैं। निबंध लिखवाने का कार्य शालाओं में जाकर विशेषज्ञ खुद करा रहे हैं। हिन्दी के अनुभवी शिक्षकों के पैनल द्वारा प्रतिभावान बच्चों का चयन किया जायेगा। दो वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिये पृथक-पृथक पुरुस्कार की राशि भी विजेताओं को दी जायेगी। दोनों वर्ग के विजेताओं में प्रथम विजेता को 11 हजार, द्वितीय विजेता को 51 सौ, तथा तृतीय विजेता को 31 सौ रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। शालेयस्तर पर भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कास्यं पदक से सम्मानित किया जायेगा। जिन स्कूलों के सर्वाधिक छात्र निबंध लिखेंगे उस स्कूल को भी पुरुस्कृत किया जायेगा।



# चाय की चुस्की लेत पकड़ाया अटेंडर को चाकू मारने वाला

## वास्कोडिगामा ट्रेन के एसी कोच में हुई थी घटना



**जबलपुर, यशभारत।** वास्कोडिगामा एक्सप्रेस के एसी कोच अटेंडेंट पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को आरपीएफ एवं जीआरपी ने उस समय दबोच लिया जब वह है इंदिरा मार्केट में चाय की चुस्की ले रहा था । शातिर बदमाश से पूछताछ में वारदात में शामिल सत्यम का नाम भी बताया जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है उक्त कार्रवाई आरपीएफ जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरपीएफ के एएसआई अरविंद सिंह जितेन तिवारी एवं सोबरन सिंह तथा जीआरपी से मदन महल चौकी प्रभारी राजेश राज एएसआई सुशील सिंह एवं के के तिवारी द्वारा की गई। इस घटना के संबंध में आरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि सीधी जिला के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत का रहने वाला 23 वर्षीय रामबहादुर वास्कोडिगामा एक्सप्रेस के क्षएसी कोच में अटेंडर है वह विगत 26 एवं 27 अगस्त की दरमियानी रात वास्कोडिगामा ट्रेन से जबलपुर पहुंचने की पूर्व उसके ऊपर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था पूछताछ एवं आरपीएफ एवं जीआरपी को मिले तमाम बिंदुओं के आधार पर ज्ञात हुआ कि वारदात को अंजाम देने वाला 19 वर्षीय प्रदीप साहू पिता मुन्नालाल रीवा जिला के सरई थाना लोर एवं उसके साथी सत्यम ने इस वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से दोनों फरार हो गए थे इनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर इनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी दौरान आरपीएफ जीआरपी टीम को भनक लगी कि प्रदीप साहू इंदिरा मार्केट में चाय की चुस्की ले रहा है मुखबिर खास से उक्त जानकारी चलते हैं दोनों टीमें तत्काल हरकत में आई और उस स्थान पर पहुंची जहां पर आरोपी चाय पी रहा था दोनों टीमों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया पूछताछ के दौरान उसने अपने सहयोगी सत्यम का नाम भी बताया जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है आरपीएफ के अनुसार फरार सत्यम के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई है।

## जबलपुर से पूना सहित 3 जोड़ी यात्री गाड़ियों के परिचालन अवधि में वृद्धि

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से पुणे जाने वाली साप्ताहिक स्पेशल यात्री गाड़ी नं.02132/31 को रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए तीन माह की अवधि के लिए विस्तारित किया है। इस संबंध में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर से पुणे के लिए प्रत्येक रविवार को चलने वाली मंडल की यात्री गाड़ी नं. 02132 जिसकीअवधि 25 सितम्बर 2022 को पूर्ण हो रही है। इसे यात्रियों की सुविधा एवं मांगों को देखते हुए रेल प्रशासन ने 3 माह की अवधि 25 दिसम्बर 2022 तक के लिए विस्तारित करदिया है। इस ट्रेन के विस्तारित हो जाने से पुणे में अध्ययनरत एवं कार्यरत महाकौशल क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा अब दिसम्बर तक मिलती रहेगी। इसी तरह रीवा से रानीकमलापति स्टेशन के लिए शनिवार को चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन नं. 02186/85 को भी 24 दिसम्बर तक विस्तारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह गाड़ी प्रत्येक रविवार को रीवा से चलती है तथा इसकी अवधि 24 सितम्बर तक थी जिसे बढ़ाकर परिचालन तीन माह का विस्तार किया गया है।

# ओबीसी आरक्षण मामले में समर्थन में रखी जा रहीं दलीलें

## विशेष अधिवक्ताओं ने की है विशेष तैयारी



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत रहे या फिर बढ़कर 27 प्रतिशत रहे, इस कानूनी बिंदु को लेकर विगत सप्ताह निरंतर बहस हुई। अब तक विरोध में दलीलें सामने आईं। आज से पूरे सप्ताह समर्थन में दलीलें पेश होने की संभावना है। इसके लिए विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने विशेष तैयारी की है। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह पक्ष रखेंगे। जबकि ओबीसी आरक्षण के समर्थन में दायर याचिकाओं में अधिवक्ता उदय कुमार व परमानंद साहू छह महत्वपूर्ण कानूनी बिंदुओं को लेकर जोर देंगे। प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की युगलपीठ के समक्ष बहस को गति दी जाएगी।

राज्य सरकार ने 2019 में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया था। इसी के समर्थन व विरोध में याचिकाएं दायर हुई हैं, जो लंबे समय से विचाराधीन हैं। आशिता दुबे व अन्य करीब 30 याचिकाएं ऐसी हैं, जिनके जरिये प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने को अवैधानिक करार देने पर बल दिया गया है। इन याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने अंतिम स्तर की बहस शुरू की थी। उन्होंने हाई कोर्ट द्वारा 2003 में मयंक जैन विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन मामले का हवाला देते हुए कहा था कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश राजारत्नम की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक रखने जाने के रवैये को अनुचित करार दिया था।

उन्होंने अपने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी मराठा आरक्षण से जुड़े जयश्री विरुद्ध महाराष्ट्र राज्य के मामले में स्पष्ट किया है कि जनसंख्या के आधार पर आरक्षण नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कुल आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को लक्ष्मण-रेखा माना है। 1948 में बाबा भीमराव आंबेडकर ने लोकसभा में दिए भाषण में भी कहा था कि पिछड़े वर्ग को आरक्षण बढ़ाने की बजाय अन्य तरीकों से सहायता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ओबीसी को प्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है, तो कुल आरक्षण प्रतिशत सीमा-रेखा के पार हो जाएगा।

# आदिवासी छात्रावास में बच्चों को दी सब्जी में बिलबिला रहे थे कीड़े



### एसडीएम ने रसोइये को लगाई फटकार

**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा के वार्ड क्रमांक तीन में बाबा शाला के पास स्थित जनजाति विकास विभाग के छात्रावास में छात्रों को दूषित भोजन परोसे जाने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर पहुंचे अफसरों ने भोजन में कीड़े देखे और वहां की व्यवस्था को डेली मानीटरिंग में रखते हुए कार्रवाई के संकेत दिए हैं। बताया जाता है कि बच्चों को दिए गए खाने में कीड़े बिलबिला रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावास में छात्रों को सब्जी परोसी गई तो उसमें कीड़े बिलबिला रहे थे। सब्जी में कीड़े देख छात्रावास के बच्चों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की जानकारी कुछ ही देर में एसडीएम सिहोरा को लग गई, सो वो भी छात्रावास पहुंच गए। उन्होंने भी देखा कि आलू की सब्जी में कीड़े तैर रहे थे। उन्होंने तुरंत दूषित सब्जी अलग करवाकर फिर से भोजन बनवाया और बच्चों को उपलब्ध कराया। एसडीएम आशीष पांडे ने इस दौरान छात्रावास के रसोइए को जमकर फटकार लगाई और छात्रावास अधीक्षक की भी क्लास ली। उन्होंने रसोई में ठीक तरह से प्रकाश व्यवस्था नहीं होने को लेकर भी नाराजगी जताई। इसी तरह से भंडार गृह में जंग लगे बर्तन रखे थे, जिनमें भोजन बनाया जाता था और बच्चों को परोसा जाता था। मौके पर आटा, चावल और दाल की बोरियां भी खुली पाई गईं। एसडीएम ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

### छात्रों ने लगाए अधीक्षक पर आरोप

छात्रावास में रहने वाले बच्चों का कहना रहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही वार्डन देवेंद्र कोष्टा से खाने में कीड़े मिलने की शिकायत की थी, लेकिन उन्होंने धमकाते हुए उन्हें मुंह बंद रखने के लिए धमकाया था। उन्होंने बच्चों से यहां तक कह दिया था कि अगर हास्टल का खाना अच्छा नहीं लग रहा तो घर से मंगवा लें। छात्रों ने एसडीएम को बताया कि छात्रावास में उनके पास ओढ़ने-बिछाने के लिए ठीक तरह का बिस्तर भी नहीं है।

### वार्डन की लापरवाही

आदिवासी छात्रावास में निरीक्षण के दौरान छात्रों को दूषित भोजन उपलब्ध कराए जाने का पता चला है। मौके पर अनेक प्रकार की अव्यवस्थाएं पाई गईं। इस मामले में वार्डन की लापरवाही परिलक्षित हो रही है। अवकाश की वजह से अब तक नोटिस नहीं दिया जा सका है। जल्द ही उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और जनजाति विकास विभाग के जिलस्तरीय अफसर को पत्र लिखा जाएगा।

**-आशीष पांडे, एसडीएम**

# क्षतिग्रस्त सड़कों के कायाकल्प एवं नवीन सड़कों के निर्माण के लिए महापौर एवं विधायक की सार्थक पहल

## अनेक क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया



**जबलपुर, यशभारत।** क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक विनय सक्सेना के द्वारा जनहित में व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सड़कों के नव निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए व्यापक पैमाने पर निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना के साथ एकता चौक, एसबीआई चौक, विजयनगर के विभिन् क्षेत्रों के साथ ही योजना क्रमांक 41के मार्ग का सघन निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे महापौर एवं विधायक ने जल्द से जल्द सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा है कि नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों को तय समय सीमा में कराए जाए जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं सुधार की दिशा में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक विनय सक्सेना के द्वारा सार्थक पहल की जा रही है इसी के परिणाम स्वरूप उनके द्वारा अनेक क्षेत्रों में नए विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाकर अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक विनय सक्सेना ने बताया कि नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शहर की सड़कों की हालत सुधारने में करोड़ों की राशि खर्च की जाएगी। इस अवसर पर विधायक विनय सक्सेना ने कहा है कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि की राशि से भी सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे जिससे कि सम्माननीय नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक विनय सक्सेना ने संयुक्त रूप से अनेक क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए नागरिकों से संवाद भी किया एवं उनकी समस्याएं पूछ कर जल्द से जल्द उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से सभी नए निर्माण कार्यों एवं सुधार कार्य के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के अवसर पर लोक निर्माण विभाग प्रभारी एम आई सी सदस्य मनीष पटेल,कार्यपालन यंत्री आर के गुप्ता,आदित्य शुक्ला,सहायक यंत्री राजेश गोस्वामी, सुदीप पटेल आदि उपस्थित थे।



# लापरवाह तत्कालीन सरपंच-सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

### जिला पंचायत सीईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**जबलपुर यशभारत।** जिला पंचायत की सीईओ डॉ सलोनी सिडाना ने गत दिवस जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत बिलखरवा के ग्राम पड़रिया का भ्रमण कर अमृत सरोवर तालाब का एवं यहां किये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के बेस्टवेयर का कार्य पूर्ण नहीं हो पाने पर असंतोष व्यक्त करते हुये संबंधित निर्माण एजेंसी को इसे शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिये। जिला पंचायत की सीईओ ने ग्राम पड़रिया में ही पूर्व में स्वीकृत गौशाला एवं ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया । उन्होंने इन निर्माण कार्यों को 15 दिन के भीतर पूरा करने की हिदायत देते हुये तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं हो पाने पर तत्कालीन सरपंच, उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के के निदेज़्श दिये। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के निमाज़्ण में संतोषप्रद प्रगति नहीं होने तथा हितग्राहियों को समय पर द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान नहीं किये जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ग्राम पड़रिया में अभी तक बनाये गये आयुष्मान काडज़् के बारे में सही-सही जानकारी नहीं दे पाने पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निदेज़्श दिये।

# भाभी ने नाबालिग नंद से की जमकर मारपीट

## तुलसी के गमले में बाल गिरने के कारण हुआ विवाद, एफआईआर दर्ज



**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार के कजरवारा में तुलसी के गमले में बाल गिर जाने के विवाद के बाद एक 17 वर्षीय मासूम के साथ उसकी भाभी और परिजनों ने जमकर मारपीट कर दी। जिसके बाद रोते हुए थाने पहुंची नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह कंघी कर रही थी, तभी गमले में बाल गिर गए। जिसके बाद उसकी भाभी श्रीमती रानी पासवान ने विवाद कर जमकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं जब वह थाने शिकायत करने जा रही थी तभी भाभी के परिजन नितिन बाबरिया, निवेश बावरिया ने गालीगलौच की। पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

# विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए किया गया प्रसास सराहनीय : कलेक्टर



### शासकीय आईटीआई को मिली निर्माण कार्यों की सौगात

**जबलपुर, यशभारत।** पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उतरदायित्व सीएसआर के तहत शासकीय आईटीआई बरगी में आर सीसी रोड़ और बाउंड्रीवाल के निर्माण कराया गया। जिसकी कुल लागत 62.05 लाख रुपये है। जिसका लोकार्पण कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं विधायक संजय यादव के द्वारा किया गया। अब इस निर्माण कार्य से शासकीय आईटीआई बरगी के शिक्षकों व विद्यार्थियों को एक सुरक्षित वातावरण मिलेगा, वहीं सड़क निर्माण से सभी परिसर बेहतर होगा, जो की सभी के लिए लाभदायक होगा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने कहा कि पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है, ऐस समाजहित के लिए कार्य हर संस्थान को करना चाहिए। इस अवसर पर पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक जे पी रघु, आर के गुप्ता, कुमार राहुल, शुभांशु सिंह सेंगर, सुनिल मालवी, चिन्मय मोहंती, सुरेन्द्र प्रताप, पवन जोशी, राहुल अहिरवार, उमेश कुमार, चंदन श्रीवास्तव, प्रभाष चौकसे, प्रदीप रोकेडे, संदीप त्रिपाठी एवं आईटीआई बरगी के प्राचार्य पंकज शर्मा, सह निदेशक आर के द्विवेदी सहित अन्य अध्यापक, कर्मचारी एवं स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे। आईटीआई बरगी के रोड एवं बाउंड्रीवाल के निर्माण के उपरांत संस्थान की सुरक्षा एवं आवागमन की व्यवस्था आसान हो गई है। इस अवसर पर कलेक्टर जबलपुर ने पावरग्रिड के इस योगदान की तारीफ करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्य जारी रखने का आग्रह भी किया।

# तीजा पूजा, सम्मान समारोह कल

**जबलपुर, यशभारत।** श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम गढ़ाफाटक जबलपुर में हरितालिका (तीजा) एवं महाप्रसाद का वितरण 30 अगस्त 2022 मंगलवार को रात्रि 9 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि (सांसद) राज्यसभा एवं श्रीमती अलका विश्नोई (समाजसेवी) तथा नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती रजनी कैलाश साहू, लवलीन आनंद, निशा संजय राठौर, श्रीमती सोनिया रंजीत ठाकुर, प्रिया संजय तिवारी, श्रीमती पूजा श्रीराम पटेल पार्षदों का स्मृति चिन्ह, श्रीफल, से सम्मानित किया जायेगा एवं मंदिर प्रांगण में तीजा के अक्सर पर पूजन अर्चन रातभर गीत, संगीत महिला मंडली द्वारा भजन प्रस्तुती की जायेगी एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील 7 रामसिंह ठाकुर (बबलू), अमर यादव, नरेश ठाकुर, शशिकांत गुप्ता, उमेश राठौर, सुरेन्द्र नामदेव, शालू ठाकुर, जिनेन्द्र जैन, अखिलेश नामदेव, राजू रजक, सुरेन्द्र ठाकुर, अंकित गुप्ता, रोहित राठौर, रिंकू इकनाती ने की है।

# बाइक को ओवरटेक करते अनियंत्रित हुई बस पलटी

## महिलाओं व बच्चों सहित कई यात्री घायल, 4 गंभीर जबलपुर रिफर, बाकल के समीप खमतरा मोड़ पर हुआ हादसा

**जबलपुर, यशभारत।** बहोरीबंद तहसील अंतर्गत खमतरा मोड़ पर रविवार की दोपहर यात्रियों से भरी बस तेज बारिश के बीच बाइक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई है। रास्ते से गुजर रहे लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए बहोरीबंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। चार यात्रियों को गंभीर हालात में जबलपुर रिफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज बारिश के बीच बस तेज रफ्तार में थी और बाइक को ओवरटेक करने के दौरान वह अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। बाकल थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि बस क्रमांक सी.जी.04इ-2433 सिहोरा से कुम्हारी जा रही थी। बाकल के समीप खमतरा मोड़ के पास यह हादसा हुआ। बस में 22 यात्री सवार थे, जिसमें 12 लोग घायल हुए। 4 लोगों को गंभीर चोटें होने के कारण जिला चिकित्सालय भेजा गया गया है। शेष यात्रियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया है।



### एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। 4 यात्रियों को गंभीर हालत में जबलपुर रिफर किया गया है। जिन यात्रियों को जबलपुर रिफर किया गया है उनमें ग्राम रैपुरा निवासी 40 वर्षीय पप्पू दहिया, ग्राम गिदुरहा निवासी 3 वर्षीय अहान सिंह, 28 वर्षीय अंजना गौड़ व 5 वर्षीय अमृता गौड़ शामिल हैं। इसके अलावा घायलों में ग्राम बड़ी करहैया निवासी 36 वर्षीय हेमलता विश्वकर्मा, ग्राम पथराड़ी पिपरिया निवासी 27 वर्षीय कमला बाई चौधरी, ग्राम चांदनखेड़ा निवासी 22 वर्षीय राकेश बर्मन, ग्राम मसंदा निवासी 45 वर्षीय छोटे चौधरी, ग्राम निमास निवासी 36 वर्षीय अर्जुन कुम्हार, जबलपुर निवासी 70 वर्षीय अब्दुल लतीफ, ग्राम गिदुरहा निवासी 57 वर्षीय नत्थू प्रधान, ग्राम निमास निवासी 29 वर्षीय गुलाब कुम्हार व ग्राम चांदनखेड़ा निवासी 22 वर्षीय राहुल बर्मन शामिल हैं। जिनका उपचार बहोरीबंद में किया जा रहा है।

### बाइक सवार को भी आई चोट

बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि बस पलटने के दौरान कुछ यात्री खेत में गिर गए। जिस बाइक को ओवरटेक करने में यह हादसा हुआ वह बाइक भी चपेट में आ गई। बाइक चालक राहुल वर्मन को भी चोटें आई हैं। घटना की जानकारी लगते ही बहोरीबंद तहसीलदार पूर्वी तिवारी, बहोरीबंद थाना प्रभारी अर्चना सिंह बहोरीबंद सामुदायिक स्वादथ्य केंद्र पहुंचे और उपचाररत घायलों का हाल जाना।

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हबलानी
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
मो. 9340734722, 9300049344
विशेषताएं: रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

सुविधा साख सहकारी संस्था मर्यादित जबलपुर
पंजीकरण क्र.- JR/JBP/107716 दूरभाष क्र. 8839403214, 8962651155
आमसभा
सुविधा सोसाइटी के सभी सदस्यगण आमंत्रित हैं।
दिनांक- 17 सितम्बर 2022
दिन- शनिवार
समय- शाम 7.00 बजे
स्थान- अंसारी बारातघर मोमिनपुरा तलैया अंसार नगर जबलपुर।
अध्यक्ष
सुविधा साख सहकारी
संस्था मर्यादित, जबलपुर (म.प्र.)

# पैसा मांगने वालों को बर्खास्त करो : मुख्यमंत्री

## अधूरे कामों पर शहडोल के अधिकारियों को फटकारा

**भोपाल , यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार सुबह शहडोल जिले की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इसमें अधिकारियों के सही जानकारी नहीं देने पर फटकार लगाई। सीएम ने जल जीवन मिशन को लेकर अब तक हुए काम की अधिकारियों से जानकारी मांगी। अधिकारियों ने पहले कम काम होने की जानकारी दी और फिर बोले की करीब करीब अभी तक का लक्ष्य पूरा हो गया है। इस पर सीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अभी आपकी जानकारी बदल गई। सीएम ने बैठक में तुरंत एमडी, ईई सभी जोड़ने को कहा। वहीं, सीएम ने शहडोज जिले की मुख्य सड़कों की खराब हालत पर नाराजगी जताई। सीएम ने अधिकारियों को बार बार ट्रांसफर जलने की शिकायतों, बिजली के खंभों और तार को दुरुस्त करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने मातृ एवं मृत्यु दर पर भी चिंता जताई।



### समीक्षा बैठक

सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को गरीबों से पैसा मांगने वालों पर सख्त होने को कहा। सीएम बोले की जो पैसा ले रहे है उन्हें सीधे बर्खास्त करो। जिला प्रशासन की तरफ से जानकारी दी गई कि दो लोगों पर कार्रवाई चल रही है। सीएम ने कहा कि ऐसे लोगों का शासकीय सेवा में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### गलत काम करने वालों का हटाएं

सीएम ने जिले में अपराध और बदमाशों को लेकर एसपी से जानकारी मांगी। एसपी ने कहा कि 1300 गुंडे बदमाशों की सूची बनाई है। टॉप 50 की भी बनाई है। सीएम ने कहा कि जो टॉप पर उन्हें क्रश करो। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। कसकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि एक टीम भावना से काम करें। जो अच्छा काम करेगा उसकी पीठ थपथपाएं। जो गलत करें उसे हटाएं।

### सीएम लगातार कर रहे बैठक

सीएम जिलों की लगातार समीक्षा बैठक ले रहे है। सिंगरौली, पन्ना के बाद शहडोल जिले की बैठक बुलाई गई। सीएम ने पन्ना जिले के कलेक्टर को भी आवास योजना के काम में लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जताई थी। प्रदेश में एक साल बाद विधानसभा चुनाव है। सीएम जिलों और विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे है।

# छतरपुर में स्क्रब टायफस बीमारी का मरीज मिलने से हड़कंप

## जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की

**भोपाल, यशभारत।** छतरपुर जिले में स्क्रब टायफस बीमारी का मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। जिले के ग्राम बड़ा बूढ़ा ब्लॉक ईसानगर में दो साल के बच्चे में स्क्रब टायफस बीमारी की पुष्टि हुई है। फिलहाल बच्चे को जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की देखरेख में बच्चा स्वस्थ है। बच्चे में स्क्रब टायफस के लक्षण दिखने पर उसके सैंपल जांच के लिए आईसीएमआर लैब जबलपुर भेजे गए थे, जहां बीमारी की पुष्टि हुई। रविवार को जिला आरआरटी टीम एवं ब्लॉक आरआरटी टीम ने गांव का भ्रमण किया और पूरे मोहल्ले में फीवर सर्वे करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की आशा एएनएम को निर्देशित किया। जिला प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों से किसी भी तरह के लक्षण मिलने पर तुरंत जांच कराने की बात कही है। मध्यप्रदेश में छतरपुर से पहले भोपाल, सीधी, सतना, मंदसौर, नर्मदापुरम, खंडवा अनूपपुर आदि जिलों में भी स्क्रब टायफस बीमारी के मामले मिल चुके हैं।

## सितंबर से होंगे मरम्मत कार्य

# प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़ से तीन हजार किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त





**भोपाल यशभारत। प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़ से तीन हजार किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई सड़कों को नए सिरे से बनाना होगा। इसके लिए 293 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। लोक निर्माण विभाग ने अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित सड़कों का आकलन कराया है। सितंबर से सड़कों के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।**

विभाग ने अतिरिक्त राशि की आवश्यकता को देखते हुए प्रथम अनुपूरक बजट के लिए प्रस्ताव बनाकर वित्त विभाग को भेज दिया है। उधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छह सितंबर को विभागीय समीक्षा करेंगे। इसमें सड़क, पुल और पुलिया के संधारण कार्य को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में सडकेंअधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं। कुल तीन हजार किलोमीटर की 290 सड़कें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसमें से 594 किलोमीटर सड़कें ऐसी हैं, जहां तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। इसके लिए 32 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। विभाग ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि जहां भी मरम्मत करने से काम चल सकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम कराया जाए।

दो हजार 613 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण का काम सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, जो 351 पुलियां क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आगे कोई समस्या न आए। सेतु परिक्षेत्र के इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा रुकने के बाद पुल-पुलियों का निरीक्षण कराया जाए।

### फसल क्षति आकलन के लिए कराया जा रहा सर्वे

उधर, राजस्व विभाग फसलों को हुई क्षति का आकलन कराने के लिए प्रदेशभर में सर्वे करा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रविधान अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सर्वे राजस्व, कृषि और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त दल कर रहा है। इसका पंचनामा बनाकर पंचायत कार्यालय में सूची भी चस्पा की जाएगी ताकि किसी का नाम छूट गया हो तो वो आवेदन कर सके। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कृषि विभाग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दावा भी प्रस्तुत करेगा। इस बार फसल बीमा के लिए 74 लाख 13 हजार 968 आवेदन आए थे। अतिवर्षा से सोयाबीन, मूंग, उ?द, तुअर, सब्जी सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। कई जगह धान की फसल भी प्रभावित हुई है।



# कारम बांध मामले में ब्लैक लिस्टेड सारथी कंपनी के कामों पर रखी जाएगी नजर

**भोपाल, यशभारत।** धार जिले के कारम बांध में गुणवत्ताहीन काम करने के मामले में हाल ही में ब्लैक लिस्टेड की गई ग्वालियर की सारथी कंपनी के अन्य कामों पर भी नजर रखी जाएगी। जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग ने इस संबंध में मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उनसे कहा गया है कि कंपनी के कामों पर पैनी नजर रखें। इसमें कोई कोताही न बरती जाए। कंपनी वर्तमान में जल संरचनाओं से जुड़े सात काम कर रही है। उसके पास सड़क निर्माण के काम भी हैं। वहीं सेंट्रल वाटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) ने भी कारम बांध के निर्माण में अनियमिता की जांच शुरू कर दी है।

कारम बांध मामले में गड़बड़ी और लापरवाही के लिए जिम्मेदार मानते हुए सरकार ने दिल्ली की एएनएस कंस्ट्रक्शन और सारथी कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया है। इन कंपनियों के पंजीयन भी निरस्त कर दिए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद कंपनी नए काम के लिए निविदा नहीं डाल सकेंगी, पर जो काम पहले से ले रखे हैं, उन्हें तय समयसीमा में पूरा करना होगा। इन्हीं कामों को लेकर मैदानी अमले को सतर्क किया गया है। विभाग के प्रमुख अभियंता एमएस डाबर का कहना है कि निर्माण कार्यों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसीलिए मैदानी अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा है।

कारम बांध को लेकर जल संसाधन विभाग के अपर सचिव आशीष कुमार की अध्यक्षता में दल बनाकर जांच कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आई गड़बड़ी के आधार पर विभाग के आठ अधिकारियों को निलंबित किया गया है। अब इस मामले की विस्तृत जांच सेंट्रल वाटर कमीशन कर रहा है। बांध से पानी निकालने का रास्ता बनाने के समय धार पहुंचे सीडब्ल्यूसी के अधिकारी जरूरी दस्तावेज साथ ले गए हैं। इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों और बांध निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ भी की जाएगी।




# सूती कपड़े के दाम बढ़ने से कम हुआ टर्नओवर, साड़ियां, टावल, लट्ठा सब महंगा

**भोपाल, यशभारत।** । देश में कपास का उत्पादन कम होने और निर्यात बढ़ने से सूती कपड़ा महंगा हो गया है। इससे कारोबार पर असर पड़ा है। थोक बाजार में टर्नओवर 30 फीसदी तक कम हुआ है। व्यापारियों के मुताबिक लोग अब जरूरत का कपड़ा ही खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में काटन कपड़े की मांग में गिरावट आई है। कुछ पहले कच्चे तेल के दाम में अचानक उछाल आने से कपड़े के दाम बढ़े थे। इसके बाद ग्रे और यार्न के दाम बढ़ गए। कपड़े पर दोहरी मार पड़ी। सूती कपड़ा 40 फीसद तक महंगा हो गया। इसी बीच कच्चे तेल के दाम में कुछ कमी होने से कुछ राहत मिली लेकिन अब कपास का उत्पादन कम होने और विदेशों से मांग निकलने से घरेलू बाजार में सूती कपड़ा महंगा हो गया। बैरागढ़ में थोक कपड़ा मंडी है। व्यापारियों के अनुसार पिछले साल की अपेक्षा अब भी सूती कपड़ा 20 से 25 फीसद महंगा है। व्यापारियों का पुराना स्टाक खत्म हो चुका है। ऐसे में ग्राहक को महंगा कपड़ा ही मिल पा रहा है।

### मांग नहीं, टर्नओवर घटा

कपड़ा व्यापारियों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में सूती कपड़े की मांग अधिक रहती है। दाम बढ़ने से मांग अचानक कम हो गई है। सूती साड़ियां कम बिक रही हैं। टावल, चादरें, लट्ठा, दोहर रजाई के कवर जैसी वैरायटी पर भी महंगाई पर मार पड़ी है। पर्दा क्लाथ एवं ओढ़ने की चादरें भी महंगी हो गई हैं। ग्रीष्मकाल में सूती कपड़े की मांग बहुत रहती है लेकिन इस बार महंगाई के कारण कारोबार कम हो गया। कपड़ा संघ के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी के अनुसार करीब 30 फीसद तक बिक्री कम हुई है। वर्तमान में मांग लगातार कम हो रही है।सूती कपड़ा भिवंडी एवं इचलकरंजी से आता है। कच्चे माल का दाम बढ़ने से सामान्य कपड़ा भी महंगा हो गया है। कपड़े पर पांच फीसद जीएसटी है। यह भार भी आखिरकार ग्राहक पर ही आता है। कपड़े की सभी वैरायटी के दाम बढ़े हैं, लेकिन सूती कपड़े पर महंगाई की मार अधिक पड़ी है। महंगा होने के कारण बिक्री कम हो गई है।

# शिवराज सिंह चौहान कल जाएंगे दिल्ली

## प्रधानमंत्री से मांगेंगे बाढ़ सहायता

**भोपाल ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़से उत्पन्न् स्थिति, राहत व बचाव कार्य की जानकारी उन्हें देंगे। साथ ही कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक कृषि की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी देंगे।**

मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा प्रस्तावित है। इसमें प्रधानमंत्री के अलावा कुछ केंद्रीय मंत्रियों से भी वह मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी भेंट कर सकते हैं। सभी जिलों से अतिवर्षा और बा? से हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन करके सोमवार तक जानकारी भेजने के लिए कहा गया है। इसके आधार पर नुकसान की भरपाई के लिए केंद्रीय सहायता मांगी जाएगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। वे सभी वर्गों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के रचनात्मक प्रयासों का उल्लेख करके उन्होंने प्रदेशवासियों का उत्साह बढ़ाया है। अमृत सरोवर के निर्माण, कुपोषण को समाप्त करने, खेल और साहसिक गतिविधियों में भागीदारी और तिरंगा का सम्मान बढ़ाने के कार्यों में मध्य प्रदेश आगे भी उत्साह से भूमिका निभाएगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में मंडला जिले में कान्हा उद्यान के निकट मोचा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के निर्माण, दतिया जिले में मेरा बच्चा अभियान, भावना द्वारा यूरोप की दो ब?ी पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहराने और इंदौर में मानव श्रृंखला से भारत का नक्शा निर्मित किए जाने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान से नागरिकों में राष्ट्र प्रेम की भावना के विकास का काम किया है।

## देवर्धा के पास हाईवे पर हादसा

# तेज रफ्तार कार पांच पलटी खाई

**भोपाल, छिंदवाड़ा,यशभारत।** छिंदवाड़ा नागपुर हाईवे पर ग्राम देवर्धा के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार दो लोगों को मामूली चोट आई है। कार सड़क पर भरे बारिश के पानी से गुजरते हुए अनियंत्रित हुई तथा देखते ही देखते सड़क से नीचे उतरते हुए पलट गई। सड़क से नीचे उतरते ही कार पांच पलटी खाई थी। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सीधे कराया गया तथा बाहर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सवार व्यक्ति ने सीट बेल्ट लगाया था जिसके कारण वह सुरक्षित रहा।कार हादसा किसी राहगीर के मोबाइल में कैद हो गया जिसके बाद वह अब इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार सीधे जा रही है और पानी के कारण चालक नियंत्रण खो देता है और कार फिर पलट जाती है। वीडियो को सांसद नकुल नाथ ने भी इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया है। सांसद नकुल नाथ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर वीडियो को शेयर करते हुए बारिश में सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। बताया जा रहा है कि शहर के बिन्द्रा कालोनी निवासी विकास जयंत बोरकर रविवार को नागपुर से वापस लौट रहे थे, उनके साथ बेटा भी था। नागपुर मार्ग पर लिंगा के समीप देवर्धा में सड़क पर भरे बारिश के कारण कार अनियंत्रित हो गई थी। मोड़ पर कार पानी में से गुजरते हुए सड़क छोड़ते हुए सड़क से नीचे उतर गई तथा पलट गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोट आई है।

## बरसात के बाद लोगों में घरों में आ रहा गंदा पानी, बढ़ रही बीमारियां

# नगर निगम और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा सुधार, रहवासी परेशान

**भोपाल,ईएमएस।** राजधानी में बरसात के बाद लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा मटमैले और बदबूदार पानी की आपूर्ति की जा रही है। इससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सक भी रहवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन नगर निगम और सीएम हेल्प लाइन में बार-बार शिकायत करने के बाद भी इसमें सुधार नहीं हो रहा है। लोग गंदे पानी की वजह से बीमार हो रहे हैं। पीने के लिए मंहगे दामों में पानी खरीदना पड़ रहा है। पुराने शहर में रेतघाट, गिन्नौरी, खानूगांव, टीलाजमालपुरा, शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद समेत अन्य इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। रहवासियों का कहना है कि यहां नर्मदाजल की पाइप लाइन बिछाई गई है। अधिकतर इलाकों में इन पाइप लाइनों को नाली और नालों से होकर निकाला गया है। पाइप लाइन पुरानी होने से कई स्थानों पर लीकेज



हो गया है। इससे नालों का पानी पाइप लाइन में रिसकर पहुंचता है। जिससे जलशोधन यंत्रों में पानी का स्वच्छ करने के बाद लोगों के घरों तक पहुंचते-पहुंचते यह गंदा हो जाता है। इसमें सीवेज और नाले का पानी मिलता है। वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि बरसात होने के बाद जलाशयों का पानी मटमैला हो गया है। कुछ दिनों में पानी साफ हो जाएगा। बता दें शहर में 4000 किमी कोलार, 2300 किमी नर्मदा और 3000 किमी बड़े तालाब से संबंधित फीडर पाइप लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें से 45 फीसदी लाइनें नालों और सीवेज लाइनों के आसपास से गुजरती हैं। फीडर लाइनों में जगह-जगह लीकेज हैं। जबकि, मेन लाइन से घरों तक पहुंचने वाली आधा और एक इंच की पाइप लाइनें नाले-नालियों के बीचों-बीच से गुजरती हैं। ये भी 40 फीसदी लाइनें पुरानी हैं, जिनमें लीकेज हैं। बारिश के दौरान नाले-नालियों के साथ ही गड्ढों में पानी भरा हुआ है। सप्लाई बंद होने के दौरान बारिश का गंदा पानी पाइप लाइनों में चला जाता है और सप्लाई के दौरान लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

### बीते 15 दिन में जलापूर्ति की 1500 शिकायतें

नगर निगम के कालसेंटर में जलापूर्ति से संबंधित जुलाई और अगस्त महीने में 1500 से अधिक शिकायतें पहुंची हैं। इनमें करीब 800 शिकायतें घरों में गंदा और बदबूदार पानी आने की है। इनमें 40 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा भी निगम अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया।

### टीलाजमालपुरा में एक दर्जन से अधिक रहवासी बीमार

टीलाजमालपुरा स्थित बीडीए कालोनी में रहने वाले मनीष कुमार ने बताया कि बीते 45 दिनों से घरों में आपूर्ति किया जाने वाला पानी काले रंग का आ रहा है। इसमें सीवेज जैसी बदबू आती है। लगातार ये पानी पीने पर लोगों को उल्टी दस्त हो रहे हैं। इसके संक्रमण से लोग बीमार हो रहे हैं। इससे परेशान होकर रहवासियों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर नगर निगम के कालसेंटर और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

## सांसद, महापौर और विधायकों की मौजूदगी में जेएटीसीसी की बैठक आयोजित

# शरद पूर्णिमा पर भेड़ाघाट में होंगे रंगारंग कार्यक्रम

जबलपुर,यशभारत । शरद पूर्णिमा के अवसर पर भेडाघाट में दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना व तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में सांसद राकेश सिंह की अध्यक्षता में जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कहा गया कि यह आयोजन संस्कारधानी की पहचान है, इसलिए इसे भव्यतम रूप प्रदान करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जाएं। बैठक में सांसद राकेश सिंह सहित तमात जिम्मेदारों ने कहा कि नर्मदा महोत्सव का आयोजन भव्यतम व आकर्षक हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा चयनित कलाकारों के संबंध में आवश्यक चर्चा भी कर ली जाए।




इस दौरान संगीत नाटक अकादमी भारत शासन द्वारा भेजे जाने वाले कलाकारों के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय कलाकारों को भी प्रोत्साहित किए जाने की बात कही गई। बैठक में शामिल सभी जिम्मेदारों ने कहा कि स्थानीय कलाकारों से प्राप्त आवेदनों पर भी विचार किया जाए।नर्मदा महोत्सव का कार्यक्रम व्यवस्थित हो, इसके लिए महोत्सव स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, मंच, बैरीकेडिंग, पहुंच मार्ग के लिए आवश्यक मरम्मत, पार्किंग व सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। इसी तरह से महोत्सव के समय भे ?ाघाट पहुंचने के लिए मेट्रो बस का संचालन व बसों की संख्या में वद्धि के साथ जेएटीसीसी एवं एमपी टूरिज्म द्वारा नर्मदा-महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी कहा गया। बैठक में भे ?ाघाट में रात्रि के समय नौका विहार के साथ होमगार्ड या रेस्क्यू दल की उपलब्धता पर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, विधायक सुशील इंदू तिवारी, विनय सक्सेना, संजय यादव, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह, रानू तिवारी सहित भेड़ाघाट नगर परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## निवा बूपा ने 'स्माइल को क्लेम कर ले' नामक नई पहल की

एजेंसी। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने जन जागरूकता के लिए 'स्माइल को क्लेम कर ले' नामक देशव्यापी पहल की है। इसका मकसद लोगों को स्वास्थ्य बीमा के दावों की प्रक्रिया समझने में मदद करना और बीमा कंपनी से लाभान्वित ग्राहकों के बारे में बताना है। इसके अतिरिक्त क्लेम की प्रक्रिया से संबंधित ग्राहकों के सवालों के जवाब देने के लिए पूरे राज्य में 'क्लेम समाधान' कैम्प लगाए जाएंगे। निवा बूपा इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत से अब तक मध्य प्रदेश के ग्राहकों के दावों के तहत 26 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान कर चुकी है। कंपनी की मदद से 10 शहरों में राज्य के 2,500 से अधिक मरीज महंगे इलाज की चिंता किए बिना निःशुल्क अस्पताल में भर्ती हो कर कोविड-19, प्रोस्टेट कैंसर, फ्रैक्चर आदि बीमारियों का उच्च गुणवत्तापूर्ण इलाज करा चुके हैं। निवा बूपा जबलपुर शहर में पिछले वित्त वर्ष से अब तक 350 से अधिक लोगों के दावों के तहत लगभग 2 करोड़ रुपयों का भुगतान कर चुकी है। शहर के कई लोगों ने निवा बूपा स्वास्थ्य बीमा के दावों के तहत मोटी रकम का लाभ लेते हुए उच्च स्तरीय अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण उपचार कराए हैं।







## पांचवी इंडियन टीम सिलेक्शन में गन फॉर ग्लोरी के शूटर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर, यशभारत। भोपाल में आयोजित हो रही पांचवीं इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी के राइफल शूटर सत्यार्थ पटेल, अजय मलिक एवं डारियस सौराष्ट्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल यूथ मेन केटेगरी में पांचवा, चतुर्थ एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्वालिफिकेशन राउंड में डरायस ने 625. 1 , अजय ने 628.4 एवं सत्यार्थ ने 625.3 स्कोर अर्जित करते हुए फाइनल राउंड में जगह बनाई तथा यूथ मेन के फाइनल राउंड में डरायस 260.8 स्कोर कर तीसरे , अजय 260 स्कोर अर्जित कर चौथे एवं सत्यार्थ 207. 4 का स्कोर अर्जित कर पांचवे स्थान पर रहे । साथ ही अजय सीनियर मेन और जूनियर मेन केटेगरी के फाइनल राउंड छठवें स्थान पर रहे। ज्ञात हो की सत्यार्थ संस्कारधानी से पहले पुरुष राइफल शूटर हैं जिन्होंने मेन इंडिविजुअल केटेगरी में इंडियन टीम ट्रायल्स के फाइनल्स में अपनी जगह बनाई , तथा अजय उत्तर प्रदेश के एवं डारियस बंगलोर के शूटर हैं जो जबलपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह दूसरी बार है जब डारियस फाइनल्स में अपनी जगह बनाई। तीनो ही शूटर्स गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय कोच निशांत नाथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# पेयजल सुधार हेतु खोदा गड्ढा, फंस रहे वाहन



**पाटन, यशभारत**। नगर परिषद द्वारा नर्मदा पेयजल लाइन के कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत हेतु खोदा गया गड्ढा खुला छोड़ दिए जाने से आज अनेकों दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो गए एवं कई चार पहिया वाहन फस कर रह गए। जिन्हें काफी मशक्कत के बाद क्षेत्रीय जनों की मदद से निकाला जा सका। नगर परिषद द्वारा पाइप लाइन सुधार कार्य हेतु अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह एवं पार्षद महेंद्र सिंह द्वारा निरीक्षण किए जाने के बाद नगर में पेयजल आपूर्ति को चालू हो गई। परंतु उक्त आपूर्ति हेतु पाइप लाइन सुधार के दौरान खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया। जिससे वार्ड क्रमांक 14 में आवागमन बाधित रहा। उक्त आशय के संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने कहा कि बारिश के कारण दिक्कत हुई,जल्द ही सुधार कार्य कर आगमन प्रारंभ कर दिया जाएगा

## संतों की कृपा से ही प्राप्त होता है जीवन में सत्संग

**जबलपुर ,यशभारत**। बाबा कल्याण दास महाराज की अध्यक्षता में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, जबलपुर द्वारा मानस भवन, राईट टाउन में आयोजित श्रीमद् देवी महात्म्य कथा के प्रथम दिन स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती ने कहा कि जिस प्रकार कंडों की आग में राख के अंदर लालिमा दिखाई देती है उसी प्रकार महापुरुष का जीवन होता है। महापुरुष के जीवन में आनंद की अनुभूति होती है। लीला कैवल्यं ही महापुरुष का लक्षण है। उन्होंने कहा कि देवी भागवत कथा मानव कल्याण के साथ हमें सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देती हैं। मनुष्य को सही रास्ते पर चलने के लिए पुराणों एवं कथाओं का समय-समय पर अनुसरण करते रहना चाहिए। श्रीमद् देवी महात्म्य कथा के मुख्य वक्ता परम पूज्य आचार्य गोविन्ददेव गिरी महाराज ने कहा कि जीवन में आनंद की अनुभूति एवं सुख का स्तोत्र भगवती की कृपा से ही प्राप्त होता है। भगवान की अनुभूति महापुरुषों के माध्यम से होता है। जीवन में सत्संग संतो की कृपा से ही प्राप्त होता है। मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य जीवन भोग और मोक्ष दोनो ही प्राप्त करता है और मोक्ष और भोग दोनो ही जगदम्बा की कृपा से शक्ति तत्व के माध्यम से प्राप्त हो सकता है। जैसे हमारी भावना परमात्मा के रूप में विलीन होती है तो परमात्मा भी उसी रूप में प्रकट हो जाता है। डॉ कैलाश गुप्ता, विनोद गोटिया, डॉ जितेंद्र जामदार, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, साध्वी मैत्रयी दीदी, महेश चंदानी, चंद्र कुमार भनोत, शरद काबरा, डॉ महेश, करतार सिंह बटीजा, सोनू बचबानी, बबलू केसरवानी, महेश पुरुषवानी, मनीषा दीदी, जयराम सुंदरानी, रितेश मोटवानी आदि ने महाराजश्री का स्वागत किया। मंच संचालन बासुदेव सांवल खत्री एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे, पंडित सौरभ दुबे ने सम्पन्न कराया।

# जीवन आनंदमय है खोजो और पाओ



**पनागर, यशभारत**। .हर मुनिजन यह भाव रखते है कब केवलज्ञान की प्राप्ति होगी हमारा विश्वास ही हमारा लक्ष्य प्रदान करता है। ऐसा ही विश्वास श्री शांतिनाथ भगवान ने पूर्वमव, किया था जिसकी परिणिति केवलज्ञान प्राप्ति हुई। विश्वास के बल पर व्यक्ति %नर से नारायण बनता है । आनंद के कारण जीवन आनंदमय हो जाता है, भगवान की छवि निहारते ही सारे कष्ट मिट जाते है। भगवान की शांति मुद्रा का आनंद विषयातीत होता है.! 1. भगवान ने कहा है कि हमे शांत रहता है क्योकि जो दिख रहा है वह क्षणभंगुर है इसमे हमे हर्ष - विषाद नहीं करना चाहिए। विपरीत परिस्थितियो में व्यक्ति क) शांत रहना चाहिए। यदि हम सोचते है कि हम दुखी है वियोग है तो हम अपना विनाका कर रहे हे, हमारी समस्याएँ बाह्यगत हो सकती है परंतु समाधान हमारे अंदर ही है।

उत्काशय पूज्य श्री 108 प्रणम्य सागर जी ने शांतिनाथ भगवान की ज्ञान- कल्याणक स्तुति में क्या कहा। मुनिश्री ने आगे कहा कि लडना सबसे बडी हार ओर नही लडना सबसे बडी जीत है व्यक्ति अपने कर्मों का कर्ता और मोकता स्वयं होता हे क्षणिक आवेग में आकर व्यक्ति न जाने कितने गलत कृत्य कर देता है लेकिन आवेग के समय यदि शांति रखे तो व्यक्ति उस आवेग को टाल सकता जीवन आनंदमय बना सकता है।

# विधुत विभाग में सांसद प्रतिनिधि बने लवली खनूजा



**गाडरवारा( यश भारत )** होशंगाबाद सांसद राव उदयप्रताप सिंह द्वारा विधुत विभाग गाडरवारा में लवली खनूजा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया सांसद निवास पर खनूजा को नियुक्ति पत्र भाजपा जिला महामंत्री ठा राजीव सिंह हरगोविंद सिंह पटैल की महत्वपूर्ण उपस्थिति में सांसद द्वारा सौपा गया इस नियुक्ति पर राजेश मोहन शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन उपाध्यक्ष सोनू पटैल महामंत्री शैलेष पटैल अमृतांशु कोरी शेख सोहिल सहित सभी स्नेहीजनों ने बधाई शुभकामनाएं व सांसद जी का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय मजदूर संघ ने पनागर के मंगल भवन में किया वृक्षारोपण

पनागर, यशभारत। भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई के निर्देशन में के.ई. सी श्रमिक संघ एवं स्टाफ एसोसिएन के द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष राम कुमार सैयाम प्रदेश महामंत्री एवं के ई सी श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा,मजदूर संघ के पर्यावरण संयोजक रैना यादव, डीके ठाकुर ई पी एफ सचिव, शारदा विश्वकर्मा,एग्रीकल्चर संभागीय महामंत्री कुलदीप एवं के ई सी फैक्ट्री श्रमिक संघ के महामंत्री महेश दुबे कार्यवाहक अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा,सह मंत्री आनंद चक्रवर्ती,स्टॉप एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी शर्मा,महामंत्री संतोष खरे,गोविंद प्रजापति, छकोडी लाल रजक,राम सुजान केवट एवं संगठन के सभी पदाधिकारी गण पर्यावरण वृक्षारोपण का कार्यक्रम पनागर मंगल भवन प्रांगण में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआं।



## भारतीय मजदूर संघ ने पनागर के मंगल भवन में किया वृक्षारोपण

कुंडम, यशभारत। कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत गौरी पंचायत के झिरनी टोला ग्राम में निवासरत कमलेश मार्को के भारी बारिश के चलते आवास गिर जाने की दशा में ज़िला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर के द्वारा निरीक्षण किया गया कमलेश ने बताया की अभी तक प्रशासन की तरफ़ से कोई कार्यवाही नही की गयी एकता ठाकुर ने पहुँच कर पटवारी, सचिव से कार्यवाही कर मुआवज़ा दिलवाने व आवास योजना के तहत प्राथमिक तौर पे मकान बनवाने की माँग की की है बताया गया कि सदमे में कमलेश के पिताजी का कल देहांत भी हो गया जिसका सांत्वना व्यक्त किया साथ में लममन सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष अमित साहू, हस्द्ध के देशराज झारिया, सुरेंद्र धुर्वे , लालू मरकाम समेत ग्रामवासी मौजूद थे।



आवजा दिलवाने जिला पंचायत सदस्य ने की प्रशासन से मांग

# नपा अध्यक्ष व राजस्व सभापति ने पशु बाजार का किया ओ औचक निरीक्षण



गाडरवारा(यश भारत) नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के साथ पार्षद चंचल कोरी( राजस्व विभाग सभापति) ने पशु बाजार विवेकानंद वार्ड में औचक निरीक्षण किया वहाँ पर फैली पार्किंग अव्यवस्था के चलते राहगीरों को हर रविवार को आवागमन करने में परेशानी होती है ?ायजा लिया एवं मौके पर कहा समस्या के निदान के लिए जल्द ही मालवाहक व दुपहिया वाहनों के लिए उचित पार्किंग के लिये व्यवस्था नगरपालिका द्वारा की जाएगी व नगरपालिका परिषद द्वारा होने वाली रमन्ना बसूली व वाहन बसूली की भी जाँच कर अवैध बसूली पर कठोर कार्यवाही की हिदायत नपा कर्मियों को दी गयी।

### कर्मचारी जगत

# फील्ड के बजाय कार्यालय में डंटे हैं अधिकारी

जबलपुर, यशभारत। म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बीपीएम और बीसीएम की नियुक्ति की गई है जो फील्ड में जाकर कार्य कर रहे एमपीडब्ल्यू एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समस्याओं एवं समाधान व सहयोग के लिए नियुक्त किये गये है ताकि समस्त लक्ष्यप्राप्ति में सहयोग मिल सके । बीपीएम और बीसीएम एक ही ब्लाक में वर्षों से पदस्थ हैं और ये स्वास्थ्य विभाग को अपनी बपौती समझने लगे हैं । कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने की बजाय उनको उलझाया जाता है , इनके द्वारा अनमोल एप में जानकारी इंद्राज करने में आ रही कठिनाईयों को नजरअंदाज किया जाता है और कहते हैं कि इसके लिए जिला कार्यालय जायें और वहां से भी समस्या जस की तस बनी हुई है । आवश्यक दवाईयां लेने भी कार्य छोडकर स्वंय के व्यय से उपस्वास्थ्य केन्द्र तक ले जाने को मजबूर किया जाता है । शासन से इन्हें भ्रमण हेतु भत्ता भी दिया जाता है परंतु अधिकारियों की अनदेखी के चलते ये मनमानी पर उतारू हैं । कर्मचारियों को थोडी थोडी समस्या के लिए भी कार्यालय के चक्कर लगाने मजबूर किया जाता है , नहीं तो वेतन रोकने की धमकी दी जाती है , इससे कर्मचारियों में तनाव एवं आकोष व्याप्त है । वर्षो से तानाशाह बने एक ही ब्लाक में डटे बीपीएम और बीसीएम की भी जिम्मेदारी कर्मचारियों के जैसे तय की जाये । संघ के योगेन्द्र दुबे अर्वेन्द्र राजपूत , अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय , मुकेश सिंह , मिर्जा मंसूर बेग , आलोक अग्निहोत्री , ब्रजेश मिश्रा , दुर्गेश पाण्डेय , आशुतोश तिवारी , संदीप नेमा , सुरेन्द्र जैन , योगेन्द्र मिश्रा , मनीष चौबे , नितिन अग्रवाल , श्यामनारायण तिवारी , विनय नामदेव , गगन चौबे , सोनल दुबे , देवदत्त शुक्ला , अभिषेक मिश्रा , महेश कोरी , धीरेन्द्र सोनी , मो तारिक , संतोष तिवारी आदि ने कलेक्टर महोदय से मांग की है कि मनमाने रूप से कार्यालय अधीक्षक बने बीपीएम , बीसीएम की जिम्मेदारी तय करें , ताकि फील्ड में जाकर कार्य करने वाले एएनएम और एमपीडब्ल्यू , सुपरवाईजर व आशा कार्यकर्ताओं को शासन के द्वारा निर्धारित कार्य समय पर हो सकें व कर्मचारियों को कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल सके ।

# परासिया ग्राम पंचायत के युवा सरपंच द्वारा जनसमस्या निराकरण शिविर



**जबलपुर, यशभारत**। जबलपुर,जनपद पंचायत के परासिया ग्राम पंचायत के युवा सरपंच द्वारा जनसमस्या निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम जन से जुड़ी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया और समस्याओं के समाधान किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव के लोग शामिल हुए। जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया साथ ही और भी समस्याओं के लिए लोगों से आवेदन लिए गए है। गांव में यह देखा जाता है कि सरपंच विकास कार्य करवाने में लगे हुए हैं लेकिन ग्राम पंचायत की युवा सरपंच रागिनी अजय पटेल ने एक अनोखी पहल शुरू की है इस पहल के तहत अब गांव में हर माह एक शिविर लगाया जाएगा जिसमें लोगों की मूलभूत सुविधाओं का निराकरण किया जाएगा रागिनी अजय पटेल का कहना है कि गांव में बहुत से लोग ऐसे हैं जिनके वृद्धा पेंशन राशन कार्ड प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना सहित कई योजनाओं से वंचित हैं जिनके लिए अब हर माह सर लगाया जाएगा जिसमें लोग अपनी समस्याएं लेकर आएंगे और उनकी समस्याओं को पूरा किया जाएगा ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले कभी ऐसा कभी नहीं हुआ कि गांव में कोई ग्रामसभा या शिविर लगाया गया हो कई साल बीत जाने के बाद भी लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला लेकिन गांव के लोगों ने अब युवा सरपंच को मौका दिया है। सरपंच सचिव को ग्रामीणों द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, पेंशन दिलाने, वर्षों से काबिज होने के बाद भी पट्टे न मिलने की शिकायत की गई। ग्राम पंचायत द्वारा पूरा क्षेत्र आदिवासी होने और आर्थिक रूप से पिछड़ा होने की बात कही गई। आदिवासियों के सर्वे अनुसार बहुत से लोगों के नाम जोड़ने की बात सामने आई।पंचायत रोजगार सहायक सचिव द्वारा मौके पर ही गरीबी रेखा में सैकड़ों आवेदन प्राप्त होने की बात कही गई। वहीं निराश्रित पेंशन दिलाने के लिए भी आवेदन दिया। शिविर के बाद गौरतलब है ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले की समस्याओं को लेकर पंचायतों में शिविर लगाकर निराकरण की मांग एसडीएम से पहले से की जा रही थी। लेकिन पूर्व सरपंच के द्वारा कभी ऐसा नहीं हुआ लेकिन युवा सरपंच की इस पहल से लोगों को काफी उम्मीदें दिख रही हैं।

# हर विद्यार्थी को ईश्वर ने एक अमूल्य हुनर दिया उसे निखारने की महती आवश्यकता- डॉ. अभिषेक शुक्ला

## 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला अभिव्यक्ति 2022 की हुई भव्य शुरूआत

**जबलपुर यशभारत**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सद्प्रेरणा से आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एवं राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के सौजन्य से अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा आयोजित 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला अभिव्यक्ति 2022 की शानदार शुरुआत की गई। उद्घाटन अवसर के मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला ने कहा कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय क्षितिज में अपने जुनून, कौशल एवं व्यक्ति विकास से विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। हमारा प्रत्येक छात्र एवं छात्राओं को ईश्वर ने एक अमूल्य हुनर दिया है, उसे निखारने की महती आवश्यकता है, आपने बताया कि 11 दिवसीय कार्यशाला में हमारे विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों में सास्कृतिक क्षेत्र की विधा में भी प्रतिभा का निखार आयेगा, एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायेंगें ऐसी शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर, डॉ ए के सरावगी ने कहा कि यह कार्यशाला प्रत्येक विद्यार्थी हेतु सास्कृतिक विधा के समस्त क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धा के आधारभूत मानक नियम को जानने, समझने का सुअवसर हैं, ताकि आगामी अवसर पर प्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान व कौशल का प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त कर सकेगें। सांस्कृतिक कार्यशाला संयोजक एवं आयोजक डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने स्वागत उदबोधन में कहा कि 26 अगस्त से 6 सितम्बर 2022 तक 11 दिवसीय आयोजित सांस्कृतिक कार्यशाला में सतत् सांस्कृतिक, साहित्य, ललितकला क्षेत्र एवं रंगमंच के स्थापित ख्यातिलब्ध कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। । कार्यशाला के दौरान हर विधा में प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऐसे प्रतिभावन प्रतिभागियों को समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के करकमलों से प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनुपमा वर्मा, एवं आभार प्रदर्शन, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. बी. एस. द्विवेदी द्वारा किया गया। 11 दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ नृत्य, लोकनृत्य संजय पांडे, रंगमंच रोहित तिवारी, संदीप पांडे, संगीत अनिमेष तिवारी, ललितकला डॉ. अरूणा अना, साहित्य डॉ. सुलेखा मिश्रा आदि द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर समस्त विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक के अलावा नाहेप परियोजना प्रमुख डॉ. आर के नेमा, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, वैज्ञानिक, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, सांस्कृतिक समन्वयक, छात्रावास अधीक्षक डॉ. सी. एस पांडे, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. आनंद पांडे, डॉ. मरावी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेलकूद अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया, डॉ विवेक बड़े एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के कर्मचारी राजू चौहान, यशवत सिंह की विशेष भूमिका हैं।




# 308 दिन बाद पाकिस्तान से बदला पूरा

## एशिया कप में टीम इंडिया ने पाक को 5 विकेट से हराया,हार्दिक ने लगाया विनिंग सिक्स

दुबई,एजेंसी। लगभग 10 महीने पहले 24 अक्टूबर 2021 को वर्ल्ड कप के इतिहास में भारतीय टीम पहली बार पाकिस्तान से हारी थी। रविवार की रात भारत ने उस हार का हिसाब चुकता कर दिया है। एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में टीम इंडिया ने 5 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली पाक टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।हार्दिक पंड्या भारत की जीत के हीरो साबित हुए। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल करते हुए तीन विकेट लिए, फिर दबाव भरे पलों में बेहतरीन पारी खेलते हुए 17 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### टीम इंडिया की जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

भारतीय टीम की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, टीम इंडिया ने आज एशिया कप 2022 मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम ने शानदार कौशल और धैर्य का परिचय दिया। जीत पर उन्हें बधाई।

### आखिरी ओवर का रोमांच

टीम इंडिया को जीत के लिए आखिरी ओवर में 7 रन चाहिए थे। पहली ही गेंद पर रवींद्र जडेजा बोल्ड हो गए। दूसरी गेंद पर दिनेश कार्तिक एक रन लेकर हार्दिक को स्ट्राइक दे दिया और पंड्या ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। ।

### टीम इंडिया से हुई बड़ी गलती

मैच में भारतीय टीम से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं किए, जिस कारण आखिरी के 3 ओवर में 30 गज के बाहर केवल 4 प्लेयर से ही काम चलाना पड़ा। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के और कम रन बनते।

**कप्तान रोहित और विराट नहीं खेल पाए बड़ी पारी-** पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के चक्कर में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली आउट हो गए। दोनों का विकेट मोहम्मद नवाज ने झटका। कप्तान रोहित ने 12 रन बनाए तो वहीं, विराट के बल्ले से 34 गेंद में 35 रन निकले। एक बार फिर कोहली भारत के लिए मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए। टीम इंडिया को पहला झटका पहले ही ओवर में लगा। केएल राहुल नसीम शाह की गेंद पर जीरो पर आउट हुए। वहीं, इसी ओवर में विराट कोहली को एक बड़ा जीवनदान भी मिला। स्लिप में उनका कैच छूटा।पाकिस्तानी टीम की ओर से मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। 1 विकेट आवेश खान को मिला।

**हार्दिक की घातक गेंदबाजी -** हार्दिक पंड्या ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। उन्होंने इफ्तिखार, रिजवान और खुशदिल को पवेलियन भेजा। तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद पर लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन और खुशदिल ने 2 रन बनाए। इन तीनों के विकेट गिरने के बाद अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार ने भी पाकिस्तान के 2 और विकेट लिए। पहले भुवी ने आसिफ अली को आउट किया, फिर अर्शदीप ने मोहम्मद नवाज को आउट किया। फखर जमान जब आउट हुए तो खुद आवेश खान को भी विश्वास नहीं हुआ। मैच के अपने पहले ओवर में ही आवेश खान ने खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। उनको पहले मोहम्मद रिजवान ने चौका और छक्का लगाया फिर फखर जमान को स्ट्राइक दे दिया।

### पहले ओवर में दो बार आउट होने से बचे रिजवान

मैच का पहला ओवर भुवनेश्वर कुमार करने आए और ओवर की दूसरी गेंद पर मोहम्मद रिजवान को अंपायर ने स्क्कु आउट करार दे दिया, लेकिन रिव्यू लेकर वह बच गए।वहीं, ओवर की आखिरी गेंद पर रिजवान के खिलाफ बल्ले के बाहरी किनारे को लेकर जोरदार अपील हुई और रोहित शर्मा ने रिव्यू भी ले लिया। रिजवान दूसरी बार नॉटआउट करार दिए गए। 10 महीने के लंबे अंतराल के बाद दोनों टीमें आमने-सामने थी। ऋषभ पंत को मुकाबले में मौका नहीं मिला था। उनकी जगह शानदार फॉर्म में चल रहे दिनेश कार्तिक टीम इंडिया का हिस्सा बने थे। भारत तीन तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह के साथ उतरी थी। वहीं, स्पिन डिपार्टमेंट का जिम्मा रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल के कंधों पर था।

### नहीं चला बाबर का बल्ला

पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम मैच में कुछ खास नहीं कर सके। उनका विकेट भुवनेश्वर कुमार ने लिया। बाबर भुवी की शॉर्ट पिच गेंद को बांउड्री के बाहर भेजना चाहते थे, लेकिन वो एक्स्ट्रा बाउंस संभाल नहीं पाए और अर्शदीप को कैच दे बैठे।

# हार्दिक है तो सब मुमकिन है...

**जहां स्ट्रेचर से बाहर आए थे दवहीं बने हीरो,2018 में दुबई में पाक के खिलाफ लगी थी चोट, उसी ग्राउंड पर भारत के सुपरस्टार बने**

**दुबई, एजेंसी।** दुबई, एशिया कप, भारत, पाकिस्तान..! ये चार शब्द आपको क्या याद दिलाते हैं? रविवार रात पाकिस्तान पर भारत की 5 विकेट की जीत और हार्दिक का धमाकेदार प्रदर्शन। अब आपको 4 साल पीछे ले चलते हैं। सितंबर का महीना था और साल था 2018। इसी मैदान से पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के ही मुकाबले में हार्दिक कराहते हुए स्ट्रेचर पर लेटकर मैदान के बाहर ले जा गए थे। उस दौरान चर्चा आम थी कि हार्दिक का करियर अब शायद ही पहले की तरह हो सकेगा। इंडिया से लेकर लंदन तक ऑपरेशन का दौर। किसी जमाने में आज का कपिलदेव कहे जाने वाले खिलाड़ी का भविष्य अब अंधकारमय नजर आ रहा था। कुछ होते हैं जो मुश्किल हालात में टूटकर बिखर जाते हैं और कुछ संघर्ष में निखर जाते हैं। हार्दिक ने मानो कसम खा रखी थी कि जिस मैदान पर सब खत्म हो सकता था, उसी मैदान पर वापस पुराना गौरव हासिल करना है। टीम इंडिया को वनडे और टी-20 क्रिकेट में एक ऐसा सितारा मिला है, जो अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से किसी मैच की दशा और दिशा बदल सकता है। रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ऐसा ही देखने को मिला। हार्दिक पंड्या ने पहले अपनी धारदार गेंदबाजी से 4 ओवर के कोटे में सिर्फ 25 रन दिए और 3 पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मोहम्मद रिजवान, इफ्तिखार अहमद और खुशदिल हार्दिक का शिकार बने। ये तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद से लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन निकले और खुशदिल ने 2 रन बनाए। वहीं, जब बल्लेबाजी की बारी आई तो हार्दिक ने अपने बल्ले से भी धमाल मचाया। उन्होंने 17 गेंद में 33 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।




**पाकिस्तान के खिलाफ पूरा मुकाबला नहीं खेल सके थे हार्दिक-** तारीख थी 19 सितंबर 2018 और आमने-सामने थे भारत-पाकिस्तान। एशिया कप का वह संस्करण वनडे फॉर्मेट में खेला जा रहा था। पाकिस्तानी पारी के 18वें ओवर में हार्दिक की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और इस वजह से वह पैरों पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। तब तक हार्दिक ने 4.5 ओवर्स में 24 रन दिए थे और उनको कोई विकेट नहीं मिल सका था।

**हार्दिक बन गए टीम इंडिया के लिए हर मर्ज की दवा-** कहा जाता है कि हर मर्ज की एक ही दवा नहीं हो सकती, लेकिन पिछले वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टी-20 टीम में जितनी भी समस्याएं दिखीं, सबकी दवा फिलहाल एक ही साबित हो रही है। उसका नाम है हार्दिक पंड्या। वे भारतीय टीम में बॉलिंग डेप्थ की कमी को पूरा करते हैं। साथ ही मिडिल ऑर्डर में गहराई लाते हैं। अगर टीम का टॉप ऑर्डर फेल होता है तो भी हार्दिक अपने दम पर जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं। डेथ ओवर्स में वे पावर हिटिंग भी कर सकते हैं।

**इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया को टी-20 सीरीज में दिलाई थी जीत-** इंग्लैंड के खिलाफ इस साल टी-20 सीरीज जिताने में हार्दिक की सबसे अहम भूमिका रही। उन्होंने पहले टी-20 मैच में 33 गेंदों 51 रन की पारी भी खेली और चार विकेट भी लिए। उन्होंने अपनी 51 रन की पारी में 6 चौके और एक छक्का ज?ा था। पंड्या 2018 के बाद से पीठ की चोट से उबर नहीं सके थे। वे गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे। भारतीय टीम ने उन्हें पिछले साल UAE में ही खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप तक मौका दिया फिर ड्रॉप कर दिया। वहीं जिस मुंबई इंडियंस को उन्होंने कई बार चैम्पियन बनाया उसने तो एक सीजन भी इंतजार नहीं किया। पंड्या को रिटेन नहीं किया गया। पंड्या इससे टूटे नहीं। कड़ी मेहनत की।

**IPL 2022 में गुजरात को बनाया था चैंपियन-** हार्दिक ने फिटनेस को दुरुस्त किया और ग्राउंड पर वापसी कर ली। वे जब से पीठ की चोट से उबर कर वापस लौटे हैं, तब से एक के बाद एक लगातार कमाल किए जा रहे हैं। पहले उन्होंने IPL -2022 में बतौर कप्तान नई-नवेली टीम गुजरात टाइटंस को चैम्पियन बनाया और फिर उसके बाद टीम इंडिया के लिए एक के बाद एक मैच विनिंग परफॉर्मेंस भी दिए जा रहे हैं। इस एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन के बाद टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं।

## भुवनेश्वर के आगे पाकिस्तान बेबस :रिजवान को बांध कर रखा, बाबर को बाउंसर पर पवेलियन भेजा, डेथ ओवर्स में भी शानदार गेंदबाजी

दुबई, एजेंसी। टीम इंडिया का नंबर वन तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं है, एशिया कप में मुश्किल होगी। कम से कम मोहम्मद शमी को तो टीम में जगह मिलनी ही चाहिए थी। ये बात एशिया कप टीम अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार चर्चा में थी। खैर, भारत बगैर बुमराह और शमी के भी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट से जीत गया। इस दौरान पावरप्ले में अगर किसी एक खिलाड़ी ने शुरुआत में दबाव बनाकर पाकिस्तानी बल्लेबाजों को गलतियां करने के लिए मजबूर किया तो वह थे भुवनेश्वर कुमार। किसी भी टी-20 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 6.50 की इकोनॉमी से 26 रन देकर 4 विकेट चटकाना भारतीय बॉलर का बेस्ट बॉलिंग फिगर है। बात करें शुरुआत की तो सबसे पहले उन्होंने विपक्षी टीम के कप्तान बाबर आजम को अपना शिकार बनाया। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की जीत की इबारत लिखने वाले बाबर 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बना सके। बाबर के अलावा शादाब खान, आसिफ अली और नसीम शाह का विकेट भी भुवनेश्वर ने अपने नाम किया।पाक के खिलाफ पावरप्ले और डेथ ओवर्स में विकेट टेकिंग बॉलिंग करने वाले भुवी नबंबर में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में बुमराह के जोड़ीदार के तौर पर नजर आ सकते हैं।

**बाबर पर भुवनेश्वर ने शुरुआत से बना रखा था दबाव-** पहले ही ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर बाबर आजम ने चौका जरूर जड़ा, लेकिन वह पूरे कॉन्फिडेंस के साथ भुवी का सामना नहीं कर पा रहे थे। भुवनेश्वर अपने अनुभव और शॉर्ट पिच बॉल से बाबर को खूब परेशान कर रहे थे। बाबर जानते थे कि अगर भुवी को शुरुआत में जरा भी अवसर मिला तो वह विकेट निकाल ले जाएंगे। इसके बाद भुवी अपने खाते का दूसरा और पारी का तीसरा ओवर करने आए।तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर बाबर असहज नजर आए और चौथी गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे। दरअसल बाबर भुवी को मिले एक्स्ट्रा बाउंस पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम रहे। जब गेंद बल्ले का टॉप ऐज लेकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर उछली तो पाकिस्तानी फैंस निराशा में डूब गए। उन्हें पता था कि यहां कोई भी भारतीय फील्डर गलती नहीं करेगा। अर्शदीप के हाथों लपके जाने के बाद बाबर आजम पवेलियन लौट रहे थे तो भारतीय दर्शकों ने जोरदार जश्न मनाया। भुवनेश्वर कुमार और टीम इंडिया के खिलाड़ी खुशी में झूम रहे थे। उन्हें मालूम था कि बाबर को सस्ते में चलता कर उन्होंने आधी फतह हासिल कर ली है।

**पहले ओवर की पहली गेंद पर कोई रन नहीं बना।-** दूसरी ही गेंद को मोहम्मद रिजवान ने पुल किया, लेकिन चूक गए और गेंद थाई पैड पर लगी। भारत ने जोरदार अपील की और अंपायर ने आउट दे दिया। टीम इंडिया और भारतीय फैंस खुशी से झूम उठे, लेकिन रिजवान ने छ्रज्र की मदद ली और यहां किस्मत ने उनका साथ दिया। क्योंकि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी।भुवी ने एक और शानदार गेंद डाली और कप्तान रोहित शर्मा ने कैच के लिए अपील की, लेकिन कीपर दिनेश कार्तिक शांत थे। अंपायर ने इसे आउट नहीं दिया और जैसे ही अंपायर ओवर खत्म होने का ऐलान करने वाले थे, रोहित ने छ्रज्र ले लिया। रोहित ये कहते हुए नजर आ रहे थे कि उन्हें गेंद के बल्ले से लगने की आवाज आई। एक विकेट का मौका पहले ही हाथ से छूटने के बाद भारतीय टीम दूसरा मौका नहीं गंवाना चाहती थी और इसलिए रोहित ने रिव्यू ले लिया, लेकिन किस्मत ने भारत का साथ नहीं दिया। रीप्ले में दिखा कि गेंद बल्ले को छूकर नहीं गई थी।पाकिस्तान के तेज-तर्रार ओपनर मोहम्मद रिजवान को पावरप्ले में आक्रामक बैटिंग के लिए जाना जाता है। वह गेंदबाजों पर बड़े शॉट्स खेलकर दबाव बनाने में यकीन रखते हैं।

# जाह्नवी कपूर का वीडियो वायरल झिंगाट पर किया जोरदार डांस

### कैसा है जाह्नवी का डांस वीडियो

बता दें कि जाह्नवी कपूर का डांस वीडियो काफी छोटा लेकिन काफी इंट्रेस्टिंग है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर, उनकी डेब्यू फिल्म धड़क के गाने झिंगाट पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में जाह्नवी की एनर्जी देखते ही बनती है और काफी मस्ती के मूड में डांस कर रही हैं। बता दें कि ये वीडियो क्लिप कुणाल रावल के प्री वेडिंग बैश का है। इस इवेंट में जाह्नवी ने साड़ी का देसी अंदाज चुना था, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर की थीं।

### जाह्नवी का बॉलीवुड करियर

जाह्नवी कपूर ने ईशान खट्टर के साथ साल 2018 में धड़क से डेब्यू किया था। इसके बाद जाह्नवी, रूही और गुंजन सक्सेना में नजर आईं। जाह्नवी का सिनेमाई करियर कुछ खास नहीं है, लेकिन उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास 'गुड लक जेरी', मिस्टर और मिसेज माही और बवाल है। इसके अलावा वह बोनी कपूर के प्रोडक्शन की फिल्म 'मिली' में भी नजर आएंगी। बवाल में जाह्नवी कपूर जोड़ी वरुण धवन के साथ नजर आएगी तो वहीं मिस्टर और मिसेज माही में वो राजकुमार राव के साथ ऑनस्क्रीन नजर आएंगी। बता दें कि जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और उनकी क्यूट और बोल्ड अंदाज पर लाखों- करोड़ों फैन्स फिदा हैं।

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जाह्नवी कपूर के फोटोज और वीडियोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं, जिन में कभी एक्ट्रेस का क्यूट अंदाज दिखता है तो कभी वो बोल्डनेस से आग लगाती हैं। इस बीच जाह्नवी कपूर का एक डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर काफी मस्ती और एनर्जी के साथ डांस करती दिख रही हैं।



## इस गाने पर ठुमकती नजर आई प्रियंका की बेटी मालती, यूजर ने कहा- जीजू पर गई है



**मुंबई, ईएमएस।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ दिलचस्प पोस्ट साझा करती नजर आती हैं। एक बार फिर प्रियंका ने एक वीडियो साझा किया है, जो खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, यह वीडियो प्रियंका की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वीकेंड पर प्रियंका बेटी के साथ क्वालिटी समय बिता रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बेटी मालती का यह वीडियो साझा किया है। इसमें मालती ठुमकती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, वीडियो में मालती को प्रियंका चोपड़ा ने गोद में ले रखा है और गाना चल रहा है च्ससुराल गेंदा फूल। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे प्रियंका बेटी को डांस की प्रैक्टिस करा रही हैं। हालांकि, वीडियो में प्रियंका नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वीडियो के आखिर में उनकी जोर से हंसने की आवाज साफ सुनाई दे रही है। वीडियो में मालती का भी चेहरा नजर नहीं आ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मालती पिंक फ्रॉक पहने बेहद क्यूट नजर आ रही हैं। उन्होंने मैचिंग का हेयरबैंड पहना हुआ है। हालांकि, उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा है। वीडियो के साथ प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा है, शनिवार की सुबह कुछ ऐसी रही। प्रियंका के इस पोस्ट पर यूजर्स खूब प्यार लुटा रहे हैं। इस वीडियो को अब तक छह लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स हार्ट और फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं तो वहीं प्रियंका के अंदाज और मालती की क्यूटनेस की भी खूब तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सो क्यूट!! जीजू पर गई है। एक अन्य यूजर ने लिखा, इंटरनेट पर यह आज का सबसे क्यूट वीडियो है। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह आपकी जिंदगी की बेस्ट मॉर्निंग है। आप और मालती मेरे फेवरेट बन गए हो।

# करीना हैं ओटीटी के लिए एक्साइटिड

## शाहिद कपूर ने यश के बारे में क्या कहा और जानें क्यों इंग्लैंड में हैं अनुष्का शर्मा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित है। वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों इंग्लैंड में हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने यश के बारे में अपनी बात रखी।



**ओटीटी डेब्यू के लिए एक्साइटिड हैं करीना कपूर-** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित है। करीना कपूर , सुजॉय घोष के द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स के अडॉप्टेशन के साथ अपना ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। करीना कपूर ने कहा, आज के दिनों में ओटीटी बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। बड़ा से बड़ा कलाकार इस प्लेटफार्म का हिस्सा बनना चाहता है, मैं भी उन्हीं में से एक हूं, अच्छा लगता है कि अब हमारे कंटेंट सिर्फ देश भर में नहीं, दुनिया भर में देखा जा रहा हैं। बदलाव जरूर आया है लेकिन अच्छे के लिए।

**चकदा एक्सप्रेस के लिये इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही है अनुष्का शर्मा-** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी आने वाली फिल्म चकदा एक्सप्रेस के लिये इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। अनुष्का शर्मा की फिल्म चकदा एक्सप्रेस भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म के लिये अनुष्का किसी भी तरह का कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती हैं और जमकर प्रैक्टिस कर रही हैं। अनुष्का इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं जहां से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम से जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह मैदान में नजर आ रही हैं। तस्वीर में अनुष्का खुले आसमान के नीचे लेटी दिखाई दे रही हैं। अनुष्का के बगल में एक बॉल नजर आ रही है।

**यश को फिल्म इंडस्ट्री का टॉप हीरो मानते हैं शाहिद कपूर-** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर दक्षिण भारतीय अभिनेता यश को फिल्म इंडस्ट्री का टॉप हीरो मानते हैं। शाहिद कपूर हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में नजर आए थे। करण जौहर ने चैट शो पर रैपिड फायर राउंड में शाहिद से सवाल किया कि इस वक्त फिल्म इंडस्ट्री के टॉप मेल और फीमेल एक्टर कौन हैं? इस पर शाहिद ने कबीर सिंह में उनकी को-स्टार रही कियारा आडवाणी की तरफ इशारा करते हुए टॉप फीमेल एक्ट्रेस बताया है। वहीं टॉप मेल कैटगरी में उन्होंने यश का नाम लिया। शाहिद कपूर ने कहा, हम इन दिनों नंबर वन के बारे में बात करें तो, मुझे लगता है कि वो यश है।

**लारा दत्ता के नो मेकअप लुक ने जीता फैंस का दिल, बोले- वास्तविक होने के लिए शुक्रिया-** नई दिल्ली, ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता ने सोशल मीडिया पर अपनी नो मेकअप लुक वाली फोटो पोस्ट की है। एक ही पोस्ट में उन्होंने दो तस्वीरें डाली हैं। पहली फोटो में लारा दत्ता पूरी तरह बिना मेकअप के नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी फोटो में उन्होंने मेकअप किया हुआ है। बता दें कि इन दिनों नो मेकअप लुक वाली तस्वीरें शेयर करने का एक चलन सा चल गया है। इससे पहले कई बड़ी एक्ट्रेसेज अपनी बिना मेकअप वाली तस्वीरें शेयर करके फैंस को सरप्राइज कर चुकी हैं।

**लारा दत्ता का नो मेकअप लुक वायरल-** तस्वीरें शेयर करते हुए लारा दत्ता ने लिखा, वास्तविक होना। किलर वर्कआउट करने और खुद को पूरी तरह सुखाने के बाद आज रात 7 बजे ये मैं थी। अगली तस्वीर 2 घंटे बाद की है, जब मैं सेलिब्रेशन के लिए पूरी तरह तैयार हूं। क्या फर्क पड़ता है? सिर्फ इतना ही कि हम में से कोई भी सोकर वैसा नहीं जागता है जैसा हम आमतौर पर जगमगाती हुई तस्वीरों में देखते हैं।

**फैंस बोले- रियल होने के लिए शुक्रिया-** लारा दत्ता ने लिखा, हमें वास्तविक दिखाने के लिए एक छोटा सा गांव काफी है। लारा दत्ता ने कहा- कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका वक्त कैसा गुजरा है, ये जरूरी है कि आप तैयार हों और खुद को दुनिया के सामने पेश करें। कमेंट सेक्शन में ढेरों लोगों ने लारा दत्ता की तस्वीरों पर प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा- ये बिलकुल सच है।

**मिस यूनिवर्स रह चुकी हैं लारा दत्ता-** एक शख्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा- आपकी वास्तविकता से मुझे प्यार हो गया है। एक यूजर ने लिखा- शुक्रिया वास्तविक होने के लिए। बता दें कि लारा दत्ता साल 2000 में मिस यूनिवर्स चुनी जा चुकी हैं। उन्होंने साल 2003 में आई फिल्म अंदाज के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था और आखिरी बार वह मस्ती, नो एंट्री, डॉन 2 और पार्टनर जैसी फिल्मों में नजर आईं।



# स्कूल बस पलटी करीब एक दर्जन विद्यार्थी घायल

## परिजनों ने कहा- कबाड़ हो चुकी है बस, चालक था नशे में धुत्त

**जबलपुर, यशभारत। अधारताल थाना अंतर्गत आज सोमवार को सुबह खजिरि खिरिया बायपास के पहले पिपरिया इमलिया खेड़ा में ब्लेसिंग किड्स पब्लिक स्कूल की छात्रों से भरी बस पलट जाने से करीब एक दर्जन मासूम बच्चे बुरी तरह घायल हो गए।**





हादसे के बाद परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए है। उनका कहना था कि स्कूल का चालक नशे में धुत्त था और बस पूरी तरह कबाड़ हो चुकी है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मासूमों को तत्काल अस्पताल पहुंचाते हुए मामला कायम कर, बताया कि एक सायकिल सवार बच्चे को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ। फिलहाल जांच जारी है। विवेचना अधिकारी एसआई सीताराम बकोडे ने पूरी मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ब्लेसिंग किड्स पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर रोड के किनारे अचानक पलट गयी। हादसे में बच्चों को चोटें आईं हैं। लेकिन कोई भी गंभीर रुप से घायल नहीं हुआ। सभी बच्चे स्वस्थ्य है। बस को क्रेन की सहायता से उठवाकर जब्त की जा रही है। एक

### पुलिस ने कहा- सायकिल सवार बच्चे को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, जांच जारी

बच्चे को बचाने के चक्कर हमें यह हादसा हो गया। मामले की जांच जारी है।



### नशे में था चालक

वहीं, प्रत्यक्षदर्शी राहुल कुमार पटैल ने बताया कि यहीं बायपास के पास स्कूल स्थित है। हादसे के बाद देखा कि चालक नशे में धुत्त था और बस भी पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। बच्चों की जान से स्कूल प्रबंधन खिलबाड़ कर रहा है।

# गोराबाजार में छत से गिरे विस्थापित की मौत



### मकान बना रहा था युवक

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल महल से विस्थापित होकर तिलहरी फेस 2 में रह रहकर मकान बनाते समय, घर की छत से गिर जाने से युवक बुरी तरह घायल हो गया, हादसे के बाद युवक को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी विजय परस्ते ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि मनोज पिता मस्तराम चौधरी उम्र 30 साल, मदनमहल की पहाड़ी से विस्थापित है। जिसे शासन द्वारा तिलहरी फेस 2 में जमीन आवंटित कर, मकान बनाने लोन मुहैया कराया गया था। जिसके चलते युवक अपना मकान बना रहा था, लेकिन तभी घर की छत से गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया था और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रांझी में घर के अंदर खड़ी बाइक चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के सुभाषनगर में घर के अंदर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। सुबह जब युवक उठा तो देखा कि उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि बसंत कुमार प्रजापति 32 वर्ष निवासी सुभाषनगर झण्डा चौक मोहनिया रोड ने पुलिस को बताया कि अपनी बाइक क्र मांक एमपी 20 एमजे 8229 को घर के अंदर खड़ी करके सो गया था । सुबह उठा तो देखा कि बाइक गायब थी एवं गेट का ताला भी टूटा था । कोई चोर गेट का ताला तोड़कर उसकी 40 हजार रूपये की बाइक चोरी कर ले गया है।

# ओएफके में कार्य के दौरान कर्मचारी की उंगली कटी

## निर्माणी अस्पताल में उपचार के बाद निजी अस्पताल रवाना

**जबलपुर यशभारत** ।आयुध निर्माणी खमरिया में करीब साढ़े नौ बजे के आसपास टर्न ओवर प्रेस मशीन पर काम कर रहे एक कर्मचारी की उंगली मशीन की जद में आने पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।उसके साथी कटी उंगली को साथ उसको लेकर तत्काल निर्माणी अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मार्बल सिटी अस्पताल रवाना कर दिया ।जहां डाक्टरों से आग्रह किया गया है कि उंगली को प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से पूर्व रूप देने की कोशिश की जाए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार उपेंद्र विश्वकर्मा एफ–1में कार्यरत है ।रोजाना की तरह वह बिल्डिंग नंबर964में टर्न ओवर प्रेस मशीन पर कार्य कर रहा था ।तभी करीब पौने दस के आसपास उसकी उंगली मशीन की जद में आ गई ।उपेंद्र के चीखने पर सहकर्मियों ने उसे उठाया और निर्माणी अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार कर क्षति ग्रस्त उंगली के साथ निजी अस्पताल रवाना कर दिया ।इस घटना के बाद कर्मचारी नेताओं में रोष व्याप्त है ।उनका कहना है कि पूरे में भी उक्त मशीन पर एक्सीडेंट हो चुके हैं लेकिन प्रबंधन ने इससे सीख न लेते हुए पर्याप्त संरक्षा के इंतजाम नहीं किए जिससे यह घटना हुई है।

# बरगी बांध के 9 गेट खोले गए



# विहंगम दृश्य देखने लोगों का उमड़ा हुजूम

**जबलपुर, यशभारत।** काले मेघों के मेहरबान होने से जबलपुर सहित आसपास रुक–रुक कर हो रही बारिश के कारण आज सुबह बरगी बांध के 6 गेट खोल दिए गए। पूर्व से ही 3 गेट खुले हुए थे। इस विहंगम दृश्य को देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। हर कोई इस नजारे को अपने कैमरे में कैद करना चाह में यहां पहुंच रहा है। जिसके चलते सुरक्षा को देखते हुए होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। जानकारी अनुसार बरगी बांध के पूर्व से खुले हुए 3 गेटों से बांध से 417 घन मीटर/ सेकंड जल की निकासी की जा रही है,आज सुबह 10 बजे बरगी डैम के 6 गेट और खोले गए, इस प्रकार खोले गए कुल 9 गेटों से 1405 घन मीटर / सेकंड जल की निकासी हो रही है। जिससे वर्तमान जलस्तर से नर्मदा नदी का जलस्तर 08–10 फिट और बढ़ गया है और धीरे–धीरे ग्वारीघाट सहित सभी नर्मदा तटों पर जल स्तर ऊपर जाने लगा है जिसके चलते घाटों पर होमगार्ड की तैनाती बढ़ा दी गई है।

**पहले से खुले हुए से 3 गेट , 6 गेट सुबह खोले गए**

# पति ने उधारी नहीं चुकाई तो पत्नी को घोंप दी चाकू

## लहूलुहान हालत में पनागर थाने पहुंची पीड़िता



### एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के रैपुरा में जब पति ने उधारी के रुपये नहीं दिए तो आरोपी ने पत्नी से मारपीट कर, चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिसके बाद बीच बचाव करने आए देवर को जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गया। जिसके बाद लहूलुहान हालत में थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, घायल को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 42 वर्षीय महिला निवासी ग्राम रैपुरा ने पुलिस को बताया कि घर के सामने देवर चंद्रिका के साथ खड़ी थी तभी गांव का धर्मेन्द्र केवट अपनी बहन मंजू केवट के साथ आया और कहने लगा कि तुम्हारे पति टेकचंद केवट पर उधारी के 4500 रुपए हैं जो अभी तक नहीं मिला है उसने कहा कि पति से मांगो , इसी बात पर दोनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो धर्मेन्द्र केवट ने चाकू से हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। देवर ने बीच बचाव किया तो दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# रेलवे स्टेशन में चाकूबाजी से हड़कंप

## चाय पीने गए दोस्त ने कर दिया वार,एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 में उस वक्त हड़कंप मच गया जब चाय पीने रेस्टॉरेंट गए दोस्त ने ही दोस्त के ऊपर चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके फरार हो गया। पुनिल ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रियाज खान 25 साल निवासी लकड़गंज ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि इमरान खान के साथ प्लेटफार्म क्रमांक 6 में रेस्टॉरेंट में चाय पीने गए हुए थे। अचानक इमरान खान पैर लगने पर भड़क उठा और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

## श्री संतोष कुमार तिवारी का निधन

**जबलपुर।** कार्यालय अधीक्षक बीएसएनएल सिविक सेंटर श्री संतोष कुमार तिवारी पड़वार वाले निवासी गंगानगर गढ़ा का आकस्मिक निधन हो गया। आप श्रीमती शैलजा तिवारी के पति एवं हर्ष तिवारी एवं स्नेहा के पिताश्री थे, अंतिम संस्कार चौहानी श्मशान भूमि में किया गया।



अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

ADMISSION OPEN
30 वर्षों से तकनीकी शिक्षा में अग्रसर
शासन द्वारा पुरस्कृत/उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान
भारतीय I.T.I.
DGT & NCVT Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन Two Year Engg. Trade फिटर
छात्रवृत्ति सुविधा व प्रशिक्षण पश्चात् रोजगार के सुअवसर
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
चौरसिया होटल के सामने, शारदा चौक, मदन महल, जबलपुर
0761:4003860, 9425150550, 8770094210, 7974960286

Since - 1992 ADMISSION OPEN
हिन्द ITI
AFFILIATED BY DGT & NCVT (GOVT. OF INDIA) Skill India
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade Training With Placement
★ Study With Practical
★ Scholarship Facilities
★ Free Computer Traning Education
★ Free Industrial / Educational Visit
★ Special Career Guidence / Job Placement
N.H. 7 MANSAKRA NAKA, SIHORA, JABALPUR (M.P)
Contact - 9425162863, 9424659053, 8770570620, 8770094210

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधाट) सीने में दर्द व भारीपन | उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना | घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष ससेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष ससेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलध
→रोस्टेट नमकीन →सा़ →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )